

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 24 जनवरी 2026 ■ माघ शुक्ल पक्ष -7 ■ वर्ष -41 ■ अंक-295 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## वंदे मातरम को 'जन गण मन' के समान दर्जा देने की तैयारी

**नई दिल्ली,24 जनवरी।** केंद्र सरकार वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन के समान दर्जा देने की तैयारी कर रही है। हाल ही में राष्ट्रगान गाने के नियमों और प्रोटोकॉल पर चर्चा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, बैठक में यह निर्धारित करने का प्रयास किया गया कि क्या वंदे मातरम गाने के लिए भी जन गण मन की तरह कोई निर्धारित नियम, आचरण या कानूनी दायित्व होने चाहिए। यह कदम सरकार के उस प्रयास का हिस्सा है, जिसे सत्तारूढ़ भाजपा ने वंदे मातरम के प्रति सम्मान बढ़ाने का प्रयास बताया है। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस पार्टी ने 1937 में गीत के कुछ महत्वपूर्ण अंशों को




हटाकर इसका महत्व कम कर दिया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब केंद्र सरकार वंदे मातरम के उपलक्ष्य में एक साल तक चलने वाले उत्सव का आयोजन कर रही है। उत्सव का पहला चरण नवंबर में, दूसरा इस महीने, तीसरा अगस्त 2026 में और चौथा नवंबर 2026 में संपन्न हुआ। गृह मंत्रालय द्वारा बुलाई गई इस बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बात पर चर्चा की कि राष्ट्रगान कब गाया जाना चाहिए, क्या इसे राष्ट्रगान के साथ गाया जाना चाहिए और क्या इसके अपमान के लिए कोई दंडात्मक प्रावधान होना चाहिए। हाल के वर्षों में, राष्ट्रीय गान गाने के लिए एक रूपरेखा तैयार करने और यह स्पष्ट करने के लिए कि क्या राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 के तहत दंड लगाया जा सकता है, अदालतों में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। यह कानून राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति अनादर को रोकने के लिए बनाया गया था।

## पैसों की खातिर अस्पताल में पांच दिनों तक बंधक रही आदिवासी प्रसूता

**गरियाबंद,24 जनवरी।** भुंजिया जनजाति की 23 वर्षीय गर्भवती महिला को नॉर्मल डिलीवरी के एवज में अस्पताल ने 20 हजार रुपए की मांग की. जब तक बेवा सास पैसों का प्रबंध करती, तब तक महिला को नवजात के साथ अस्पताल में कथित तौर पर बंधक बनाकर रखा गया. आखिरकार जिला पंचायत अध्यक्ष के अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से अस्पताल प्रबंधन से चर्चा के बाद जच्चा-बच्चा सकुशल घर पहुंचे.

आदिवासी ब्लॉक मैनपुर के मूचबहल के मालिपारा वार्ड में रहने वाली भुंजिया जनजाति की 23 साल की नवीना चींदा, जिसे प्रसव के बाद ओडिशा के कालाहांडी जिले के धर्मगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में पांच दिनों तक अघोषित रूप से बंधक बनाकर रखा गया था. प्रसूता की सास दोषो बाई ने बताया कि 18 तारीख को प्रसव पीड़ा के बाद उसे धर्मगढ़ स्थित मां भंडारणी क्लिनिक में भर्ती कराया, उसी दिन ही सामान्य प्रसव में पोती ने जन्म दिया.

भर्ती से पहले 5 हजार जमा किया गया था, लेकिन प्रसव के बाद अस्पताल प्रबंधन ने और 15 हजार रुपए की मांग की. पैसे पूरे देने के बाद ही बहू, 3 साल के पोते और नवजात को लाना संभव था. इसलिए पैसे की व्यवस्था करने के लिए वह 21 जनवरी को गांव वापस आ गई. सास ने बताया कि बेटा पोड़ा आंध्र के ईंट भट्ठे में मजदूरी करता है. उसको भी फोन लगाया पर उसके सेठ भी पैसा नहीं दे रहे थे. बेटे के साथ रही बहू 6 माह के गर्भ के दौरान घर वापस आ गई थी.

सास ने बताया कि कि पहला बच्चा तीन साल पहले धर्मगढ़ के उसी अस्पताल में ऑपरेशन से हुआ था. तब सोना-चांदी बेच कर 85 हजार दिया था. इस बार प्रसव पीड़ा के बाद स्थानीय अस्पताल को मैंने संपर्क नहीं किया, क्योंकि पिछली बार वे इंकार कर दिए थे. दोबारा बहू की स्थिति को देखते हुए गाड़ी किराया कर ओडिशा ले गई. लेकिन सामान्य ऑपरेशन के बाद भी इतनी रकम मांगी गई कि छह दिन इंतजाम नहीं हो पाया. जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर की मदद से जच्चा-बच्चा सकुशल घर पहुंचे.

जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने बताया कि लाचार सास दो दिन से पैसों की व्यवस्था में जुटी थी.

मौके पर गए जय विलास शर्मा ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के बाद प्रबंधन ने 2 घंटे इंतजार कराया. फिर अस्पताल में मौजूद कालाहांडी जिला पंचायत सदस्य गोपीनाथ महानंद ने मदद की. शेष 15 हजार रुपए की बजाए स्वेच्छा से बिल भरने कहा गया. इस पर गौरी शंकर कश्यप के माध्यम से 5 हजार दिया गया, जिसके बाद एंबुलेंस के जरिए जच्चा-बच्चा को उसके गांव सकुशल छोड़ा गया.

## दंतेश्वरी मंदिर से सोने-चांदी के आभूषण पार

**जगदलपुर,24 जनवरी।** जगदलपुर में चोरों के हौंसले बुलंद है. इस बार चोरों ने प्रसिद्ध दंतेश्वरी मंदिर को निशाना बनाया. मंदिर में देर रात बड़ी चोरी की वारदात हुई है. अज्ञात चोरों ने मंदिर के पीछे के दरवाजे के ताले को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और माता दंतेश्वरी के सोने–चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया. लोगों में घटना को लेकर नाराजगी है.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर को सुरक्षित कर जांच शुरू कर दी गई है. मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है. वहीं चोरों की



आवाजाही के सुराग जुटाने के लिए शहर के अन्य सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं. सीसीटीवी में चोर कैद हुआ है.

मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है, जो टूटे ताले, दरवाजे और अन्य साक्ष्यों की बारीकी से जांच कर रही है. पुलिस का कहना है कि हर एंगल से जांच जारी है और जल्द ही चोरी में शामिल आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी. वहीं जांच की वजह से आम लोगों के लिए मंदिर के कपाट अस्थाई रूप से बंद दिया गया है.

## घर पर सो रहे अधेड़ की कुल्हाड़ी से हत्या

**पथरिया,24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के मुंगली जिले से एक अधेड़ व्यक्ति के हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. घर में सो रहे व्यक्ति को कुल्हाड़ी से वारकर मौत के घाट उतारा गया है. मृतक की पहचान मृतक आजुराम लोधी पिता कलीराम लोधी (52 साल) जो अपने घर में सोया हुआ था. शव मिलने के बाद से इलाके के लोगों में हड़कंप मच गया है. दरअसल, पूरा मामला पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगद्वारी गांव का है. घटना शनिवार तड़के करीब 3 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर आजुराम लोधी पर कुल्हाड़ी से प्राणघातक वारकर हत्या कर दी. सूरज चढ़ते वारदात की खबर इलाके में फैल गई. ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची, साक्ष्य जुटाए गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया वारदात की खबर पर गांव में आसपास के लोग घटनास्थल पहुंचे.

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## बिना तलाक दूसरी महिला के साथ रहने वाले पिता को नहीं मिलेगी बच्चे की कस्टडी

बिलासपुर,24 जनवरी। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने बच्चों के संरक्षण और कस्टडी को लेकर एक युगांतकारी निर्णय सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई पिता अपनी पहली पत्नी को तलाक दिए बिना किसी अन्य महिला के साथ रह रहा है, तो वह अपने बच्चे की कस्टडी पाने का नैतिक और कानूनी हकदार नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने जोर देकर कहा कि बच्चे का कल्याण किसी भी वित्तीय स्थिति से ऊपर है।

मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने कहा कि बिना तलाक लिए दूसरी महिला के साथ रहना 'दुराचार' की श्रेणी में आता है। ऐसी स्थिति में बच्चे को पिता के पास भेजना उसके मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कोर्ट ने यह भी चिंता जताई कि सौतेली मां से बच्चे को वही स्नेह और सुरक्षा मिल पाएगी या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

पिता ने अपनी याचिका में दलील दी थी कि वह आर्थिक रूप से अधिक सक्षम है और बच्चे को बेहतर सुविधाएं और शिक्षा प्रदान कर सकता है। इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने कहा कि केवल आर्थिक संपन्नता कस्टडी का आधार नहीं हो सकती। बच्चे के समग्र विकास के लिए मां का प्यार, सुरक्षित माहौल और भावनात्मक स्थिरता कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

अदालत ने हिंदू अल्पसंख्यक एवं संरक्षकता



अधिनियम, 1956 का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि हालांकि कानून पिता को प्राकृतिक अभिभावक मानता है, लेकिन यह अधिकार 'पूर्ण' या 'निरपेक्ष' नहीं है। न्यायालय ने कहा कि कस्टडी तय करते समय कानून से ऊपर बच्चे का सर्वोत्तम हित है।

## भारत को वीटो पावर मिलने के संकेत से पाक घबराया

**नई दिल्ली,24 जनवरी।** दुनिया भर में इस बात की खूब चर्चा हो रही है कि जल्द ही भारत को वीटो पावर मिलने के साथ ही यूएन में स्थाई मेंबरशिप मिलने वाली है। जिसके बाद भारत उन महाशक्तियों में शुमार हो जाएगा जो दुनिया भर के फैसलों में सीधे दखल देगा। यानी कि भारत की सहमति के बिना अब दुनिया भर में कई बड़े फैसले नहीं लिए जाएंगे। भारत की लगातार बढ़ती ताकत से कई देश परेशान हैं। जिसमें आतंकी मुल्क पाकिस्तान, तुर्की, चीन और अमेरिका भी शामिल है। भारत के दुश्मनों को यह बात कतई हजम नहीं हो रही है कि बिना किसी शोरशराबा के भारत हर क्षेत्र में लगातार वो इतिहास रच रहा है जिसकी कल्पना खुद को महाशक्ति बताने वालों ने भी नहीं की थी। अब दुनिया भर में इस बात की खूब चर्चा हो रही है कि जल्द ही भारत को वीटो पावर मिलने के साथ ही यूएन में स्थाई मेंबरशिप मिलने वाली है। जिसके बाद भारत उन महाशक्तियों में शुमार हो जाएगा जो दुनिया भर के फैसलों में सीधे दखल देगा। यानी कि भारत की सहमति के बिना अब दुनिया भर में कई बड़े फैसले नहीं लिए जाएंगे। अब भारत के दुश्मन पाकिस्तान को भी यह पूरा आभास हो गया है कि जल्द भारत यूएन का स्थाई मेंबर बनने वाला है और वीटो पावर भी मिलने वाली है। जिसको लेकर पाकिस्तान बुरी तरह से घबराया हुआ है।

पाकिस्तान की घबराहट का आलम यह है कि अब वो यूएन में इसे लेकर खूब रोया है और अपने डर को जाहिर किया है। दरअसल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएससी में सुधार और भारत की स्थाई मेंबरशिप के लिए बढ़ते सपोर्ट को देखकर पाकिस्तान बौखलाए हुए है। अब पाकिस्तान खुलकर इसके खिलाफ अपनी नापाक चाले चलने में जुट गया है। पाकिस्तान ने सुरक्षा परिषद में संभावित रूप से शामिल होने वाले देशों को वीटो पावर दिए जाने का विरोध किया है। इसके साथ ही उसने संयुक्त राष्ट्र के मंच से एक बार फिर सिंधु जल संधि को निलंबित करने का मुद्दा उठाया और भारत के इस कदम को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा बताया। भारत ने पिछले साल पहलगाम में आतंकी हमले के बाद 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि पर रोक लगा दी थी। इंटरनेशनल लॉ ईयर इन रिव्यू 2026 कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थाई प्रतिनिधि आसिमकार अहमद ने कहा कि कोई भी सुधार ऐसे नहीं होना चाहिए जो स्थाई सदस्यता और वीटो में निहित मौलिक दोषों को और खराब करेंगे।

यह सीधे तौर पर पाकिस्तान का भारत के लिए विरोध था। दरअसल भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएससी में सुधार की मांग करता रहा है और जिसमें अपने लिए स्थाई संस्था की मांग शामिल है। भारत ने लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मौजूदा ढांचे पर सवाल उठाए हैं। भारत का कहना है कि यूएससी का मौजूदा ढांचा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वाले शक्ति संतुलन पर आधारित है। जबकि दुनिया अब पूरी तरह से बदल चुकी है। भारत ने तर्क दिया है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और दक्षिण एशिया का प्रमुख देश होने के नाते स्थाई सदस्यता उसे मिलनी चाहिए।

दरअसल हाल ही में स्थाई सदस्यता के लिए ब्रिटेन रूस के बाद फ्रांस ने भी धमाकेदार तरीके से भारत का सपोर्ट किया था।

## जब किशन ने पावर प्ले के दौरान स्ट्राइक नहीं दी तो मुझे गुस्सा आया था : सूर्यकुमार

**रायपुर,24 जनवरी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की जीत के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ईशान किशन की विस्फोटक पारी की जमकर सराहना की, जिन्होंने पावरप्ले में तूफानी बल्लेबाजी कर 209 रनों के विशाल लक्ष्य की नींव रखी। सूर्यकुमार ने मजाकिया अंदाज में किशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कभी 6/2 के स्कोर के बाद किसी को इतनी तेजी से रन बनाते नहीं देखा। शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच रायपुर में सात विकेट से जीतने के बाद, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ईशान किशन के तूफानी बल्ले प्रदर्शन की जमकर तारीफ की, जिसने मेजबान टीम को 209 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। मैच के बाद प्रस्तुति के दौरान, सूर्यकुमार यादव ने कहा कि जब किशन ने पावर प्ले के दौरान उन्हें स्ट्राइक नहीं दी तो उन्हें गुस्सा आया था। सूर्यकुमार ने कहा कि मुझे नहीं पता कि ईशान ने दोपहर के भोजन में क्या खाया था, लेकिन मैंने कभी किसी को 6 विकेट पर 2 रन गिरने के बाद पावर प्ले खत्म होने तक 60 से अधिक रन बनाते हुए नहीं देखा। लेकिन हम अपने बल्लेबाजों से यही उम्मीद करते हैं कि वे खुलकर खेलें।




मुझे गुस्सा आया कि वह पावर प्ले में मुझे स्ट्राइक नहीं दे रहे थे, लेकिन मैं परिस्थितियों को समझने में कामयाब रहा। अपनी बल्लेबाजी के बारे में पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने कहा, "मैंने नेट में अच्छी बल्लेबाजी की है, अच्छा ब्रेक मिला और मैच से पहले अभ्यास सत्र भी बढ़िया रहा। गेंद से भी शानदार प्रदर्शन किया। जब टीम 110 रन पर 2 विकेट खो चुकी थी, तब मुझे लगा था कि स्कोर 230 के आसपास होगा, लेकिन सभी गेंदबाजों ने अपना योगदान दिया और जिम्मेदारी संभाली। मैं अभी जो हो रहा है उसका पूरा आनंद ले रहा हूं। टीम में खुशनुमा माहौल है और मैं इसे बनाए रखना चाहता हूं।" उच्च स्कोर वाले इस मुकाबले में हारने के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सैंटनर ने कहा कि भारत की बल्लेबाजी पंक्ति काफी मजबूत है। "[बराबर स्कोर पर] इन खिलाड़ियों के खिलाफ शायद 300 रन? मुझे लगता है कि जब आपका सामना ऐसी टीम से होता है जिसकी बल्लेबाजी पंक्ति मजबूत हो और जिस तरह से भारत ने पहली गेंद से ही आक्रामक रुख अपनाया, तो हमारे लिए यही जरूरी है कि हम जहां भी संभव हो, उन पर दबाव बनाएं। [अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग इलेवन के बारे में] अभी कुछ खिलाड़ी आने बाकी हैं, और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वे विश्व कप के लिए तैयार हों। आज हम पर काफी दबाव था.

**जसवंत क्लाडियस**

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस के खेलकूद संबंधी विचार आज भी सार्थक

## राष्ट्र निर्माण, अनुशासन और साहस के लिए जरूरी

भारत को अंग्रेजों के हाथों से मुक्ति दिलाने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। देश को गुलामी से छुड़ाने उन्होंने युवाओं को एकजुट किया और ब्रिटिश शासकों को मुहतोड़ जवाब देने के लिए देशभक्तों की सेना तैयार की। नेताजी के नाम से लोकप्रिय सुभाषचंद्र बोस ने भले ही आजादी को नहीं देखा लेकिन उनके सपनों को भारत के वीरों ने पूरा किया।

स्वतंत्रता के संघर्ष में उन्होंने खेलकूद के महत्व को कभी कम नहीं होने दिया। इस बारे में उनकी धारणा एकदम स्पष्ट थी कि स्वस्थ मानसिक स्थिति, स्वस्थ शारीरिक दशा का परिचायक होती है। परिवार के माध्यम से समाज, समाज के माध्यम से राष्ट्र का निर्माण होता है। अतः परिवार के प्रत्येक सदस्य का शारीरिक व मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह तभी संभव है जब मनुष्य खेलकूद में अपनी भागीदारी बनाए रखे। खेल के जरिए व्यक्ति अनुशासन और समय के महत्व को समझता है। स्वतंत्रता आंदोलन में सफलता मिलने के लिए आवश्यक है कि उसमें भाग लेने वाला प्रत्येक जन खेल के प्रति लगाव रखे और उसके लिए समय निकाले।

नेताजी के विचार साफ है कि खेलकूद के द्वारा हार और जीत को निकट से समझा जा सकता है। सफलता पाने के लिए टीम को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होता है। आपसी सामंजस्य और घेरेबंदी से विपक्षी टीम के अग्रिम पंक्ति को भेदा जा सकता है। जिसे बाद कामयाबी दूर नहीं होती। सुभाषचंद्र बोस स्वयं एक अच्छे नेतृत्वकर्ता और प्रशासक थे। अतः वे खिलाड़ियों की तरह जीत हासिल करने के गुण जानते थे। नेताजी का विचार था कि खेल से एकता उत्पन्न होती है और एकता राष्ट्रवादी भावना का विकास करती है। खिलाड़ियों को सदैव अपनी टीम के प्रति वफादार होना चाहिए। अपने देश की सेवा करने से बढ़कर अन्य कोई सेवा हो नहीं सकती। उसी तरह खिलाड़ी की टीम के प्रति समर्पण की भावना उसकी उपलब्धि का प्रतीक बन जाती है।

नेताजी चाहते थे कि प्रत्येक जन विशेषकर युवा प्रतिदिन व्यायाम करे ताकि वह अपने आपको फिट रख सके। उनकी यह बात आज की परिस्थिति में भी सौ प्रतिशत सेही है। शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने पर ही कोई खिलाड़ी अपनी प्रतिभा या अपनी क्षमता का सौ प्रतिशत खेल दिखला सकता है। निरंतर व्यायाम करने से मन मस्तिष्क पूरी तरह सतर्क रहता है। कोई युद्ध हो या खेलकूद की स्पर्धा व्यक्ति विशेष को फील्ड में सतर्क रहना चाहिए। पाचन की क्रिया में शारीरिक सक्रियता का विशेष महत्व होता है जो कि व्यायाम के द्वारा संभव है। इसके लिए वे एथलेटिक्स और जिमनास्टिक्स को जरूरी मानते थे। नेताजी ने खेलकूद के महत्व को मानव जीवन के विभिन्न पक्षों से जोड़ा है। उन्होंने बताया कि पराजय का प्रभाव व्यक्ति को निराश भी कर सकता है और उदास भी परंतु साहस के साथ परिस्थिति का सामने करने वाला सफल होता है। दूसरी तरफ विजयी होने पर जो खुशी मिलती है उसका कोई ठिकाना नहीं होता है। बस प्रत्येक जन को यह ध्यान रखना जरूरी है कि उसे आगे चलकर अपनी सफलता या टीम की सफलता को बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत होना चाहिए। अतः खिलाड़ी के जीवन में उतार-चढ़ाव आने से वह उस परिस्थिति से उबरना सीख जाता है। स्वतंत्रता प्राप्त करने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। देश को गुलामी से छुड़ाने के लिए उन्होंने युवाओं को एकजुट किया और ब्रिटिश शासकों को मुहतोड़ जवाब देने के लिए देशभक्तों की सेना तैयार की। नेताजी के नाम से लोकप्रिय सुभाषचंद्र बोस ने भले ही आजादी को नहीं देखा लेकिन उनके सपनों को भारत के वीरों ने पूरा किया।

स्वतंत्रता के संघर्ष में उन्होंने खेलकूद के महत्व को कभी कम नहीं होने दिया। इस बारे में उनकी धारणा एकदम स्पष्ट थी कि स्वस्थ मानसिक स्थिति, स्वस्थ शारीरिक दशा का परिचायक होती है। परिवार के माध्यम से समाज, समाज के माध्यम से राष्ट्र का निर्माण होता है। अतः परिवार के प्रत्येक सदस्य का शारीरिक व मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह तभी संभव है जब मनुष्य खेलकूद में अपनी भागीदारी बनाए रखे। खेल के जरिए व्यक्ति अनुशासन और समय के महत्व को समझता है। स्वतंत्रता आंदोलन में सफलता मिलने के लिए जरूरी है कि उसमें भाग लेने वाला प्रत्येक जन खेल के प्रति लगाव रखे और समय-समय पर उसके लिए समय निकाले।

नेताजी के विचार साफ है कि खेलकूद के द्वारा हार और जीत को निकट से समझा जा सकता है। सफलता पाने के लिए टीम को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होता है। आपसी सामंजस्य और घेरेबंदी से विपक्षी टीम के अग्रिम पंक्ति को भेदा जा सकता है। जिसके बाद कामयाबी दूर नहीं होती। सुभाषचंद्र बोस स्वयं एक अच्छे नेतृत्वकर्ता और प्रशासक थे। अतः वे खिलाड़ियों की तरह जीत हासिल करने के गुण जानते थे। नेताजी का विचार था कि खेल से एकता उत्पन्न होती है और एकता राष्ट्रवादी भावना का विकास करती है। खिलाड़ियों को सदैव अपने टीम के प्रति वफादार होना चाहिए। अपने देश की सेवा करने से बढ़कर अन्य कोई सेवा हो नहीं सकती। उसी तरह खिलाड़ी की टीम के प्रति समर्पण की भावना उसकी उपलब्धि का प्रतीक बन जाती है।

नेताजी चाहते थे कि प्रत्येक जन विशेषकर युवा प्रतिदिन व्यायाम करे ताकि वह अपने आपको फिट रख सके। उनकी यह बात आज की परिस्थिति में भी सौ प्रतिशत यही है। शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने पर ही कोई खिलाड़ी अपनी प्रतिभा या अपनी क्षमता का सौ प्रतिशत खेल दिखला सकता है। निरंतर व्यायाम करने से मन मस्तिष्क पूरी तरह सतर्क रहता है। कोई युद्ध हो या खेलकूद की स्पर्धा व्यक्ति विशेष को फील्ड



में सतर्क रहना चाहिए। पाचन की क्रिया में शारीरिक सक्रियता का विशेष महत्व होता है जो कि व्यायाम के द्वारा संभव है। इसके लिए वे एथलेटिक्स और जिमनास्टिक्स को जरूरी मानते थे। नेताजी ने खेलकूद के महत्व को मानव जीवन के विभिन्न पक्षों से जोड़ा है। उन्होंने बताया कि पराजय पर इसका प्रभाव व्यक्ति को निराश भी कर सकता है और उदास भी परंतु साहस के साथ परिस्थिति का सामने करने वाला सफल होता है। दूसरी तरफ विजयी होने पर जो खुशी मिलती है उसका कोई ठिकाना नहीं होता है। बस प्रत्येक जन को यह ध्यान रखना जरूरी है कि उसे आगे चलकर अपनी सफलता या टीम की सफलता को बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत होना चाहिए। अतः खिलाड़ी के जीवन में उतार-चढ़ाव आने से वह उस परिस्थिति से उबरना सीख जाता है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं पराक्रम दिवस का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल,24 जनवरी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, जामुल मंडल द्वारा वार्ड क्रमांक 9, रावणभाटा जामुल स्थित वर्मा साइकिल स्टोर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य चंद्रप्रकाश मांडले उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर संभाग किसान मोर्चा प्रभारी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता जी, महामंत्री ओमप्रकाश ध्रुव देवांगन, पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी एवं संजय शर्मा, पूर्व महामंत्री नूतन वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद दीपक गुप्ता, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अनीता साहू एवं दीपक सिंह, मीडिया प्रभारी संजय यादव, सह मीडिया प्रभारी लल्लन सिंह, पूर्व मंडल मंत्री राकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष सुभाष पांचाल सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता कुलेश्वर वर्मा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंडल कार्यकारिणी सदस्य शिव वर्मा, युवा मोर्चा से सोनू यादव एवं रामकृष्ण साहू, महिला मोर्चा से योगिता साहू जी तथा अनेक भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्र प्रेम, त्याग और साहसपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया।

## एक नजर

### महिला कमांडो को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण



**दुर्ग, 24 जनवरी।** समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ कार्यरत महिला कमांडो को किसी भी विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए दुर्ग पुलिस द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग जिले धमधा ब्लॉक के ग्राम पंचायत दारगांव में प्रेरणा सम्मेलन और सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया दुर्ग जिला पुलिस के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) मणिशंकर चंद्रा और समाजसेवा में योगदान के लिए पद्मश्री शमशाद बेगम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं सम्मेलन में महिलाओं को नगर सेना और एसडीआरएफ द्वारा सिविल डिफेंस प्रशिक्षण के साथ ही आपदाओं के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी भी दी गई कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक( ग्रामीण ) मणिशंकर चंद्रा ने महिला कमांडो को गश्त के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों और कानूनी पहलुओं से अवगत कराया मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि महिला कमांडो पुलिस के कार्यों में काफी मददगार साबित हो रही हैं जिले के नगर सेना एसडीआरएफ के कमांडेंट नागेंद्र सिंह ने बताया कि महिला कमांडो को दिया जा रहा प्रशिक्षण भविष्य में उनके लिए बेहद उपयोगी साबित होगा वहीं, कार्यक्रम में महिला कमांडो की प्रणेता पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा कि समाज सेवा के साथ-साथ पुलिस की मदद से महिला कमांडो को नियमित रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे हर चुनौती का सामना कर सकें इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने महिला कमांडो को बैच वितरित किए कार्यक्रम धमधा प्रभारी रामनारायण ध्रुव में क्षेत्र की महिला कमांडो बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं ।

### झाड़-फूंक से इलाज के नाम पर 13 लाख की ठगी



**भिलाई, 24 जनवरी।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र में मां के इलाज के नाम पर झाड़-फूंक व पूजा-पाठ का झांसा देकर 13 लाख 82 हजार 300 रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का दुर्ग पुलिस ने पर्दाफाश किया है पुलिस ने इस मामले में बाबूलाल (45 साल ), निवासी चित्रकूट (उप्र) और गीता राय, निवासी हाथरस (उप्र) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब आठ लाख रुपए नकद और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं, जबकि पांच लाख रुपए अब तक बरामद नहीं हो सके हैं दुकान से शुरू हुई साजिश पीड़ित संजय अठवानी, निवासी सदानी नगर, दुर्ग ने शिकायत में बताया कि उसकी साइकिल दुकान पर आए दो लोगों ने मोबाइल नंबर लेकर बाद में फोन किया और मां की बीमारी ठीक करने का दावा किया पहले 1100 रुपए पूजा के नाम पर लिए गए इस के बाद 20 जनवरी को आरोपियों ने पीड़ित को रेलवे स्टेशन पावर हाउस, भिलाई के पास बुलाकर सोने के 4 कंगन (करीब 60 ग्राम, कीमत 5 लाख) और 8,82,300 रुपए नकद ले लिए। शाम को पूजा के लिए घर आने की बात कहकर फरार हो गए तकनीकी साक्ष्यों से गिरफ्तारी सीसीटीवी व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया पुलिस अब गायब 5 लाख रुपए और संभावित अन्य सहयोगियों की भूमिका की जांच कर रही है।

### आवास निर्माण की गुणवत्ता और आत्मनिर्भरता की दिशा में पहल, जिले में मनरेगा मजदूरों को राजमिस्त्री प्रशिक्षण

दुर्ग, 24 जनवरी । जिले में आवास निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और ग्रामीण हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत मजदूरों को राजमिस्त्री कार्य का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# शहर के विकास का नया विजन:चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,24 जनवरी।** आज मैं आपसे भाषण देने नहीं, संवाद करने आया हूँ। आज का दिन मेरे जन्मदिन का नहीं, कवर्धा के भविष्य का मंच है शहर सरकार या फाइलों का नहीं, हम सबका होता है और इसी सोच को जगाने के लिए 'मेरे सपनों का कवर्धा' शुरू किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने पारंपरिक भाषण देने के बजाय जनसंवाद का मार्ग अपनाते हुए नागरिकों और विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया।

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आयोजित ÷मेरे सपनों का कवर्धा÷ कार्यक्रम स्थानीय पीजी कॉलेज सभागार में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की परिकल्पना नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य शहर के विकास में आम नागरिकों एवं युवाओं की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

### आपने सोचा-आपने लिखा, अब जिम्मेदारी हमारी:चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

कार्यक्रम के अंतर्गत लेखन प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया। पहला वर्ग नागरिकों के लिए तथा दूसरा वर्ग 10. स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए। दोनों वर्गों से कुल 500 से अधिक लेख प्राप्त हुए, जो कवर्धा के प्रति नागरिकों की जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रमाण हैं। लेखों के मूल्यांकन के संबंध में अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि ÷हर लेख को पढ़ा गया है शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और शिक्षाविदों को यह जिम्मेदारी दी गई कि वे सुझावों को समझें, अंक दें और बेहतरीन विचारों को सामने लाएँ, क्योंकि हर सुझाव कीमती है।

### निबंध प्रतियोगिता में इनको मिला पुरस्कार

प्रथम पुरस्कार-नरेंद्र प्रसाद कल मित्र, द्वितीय पुरस्कार-श्रीमती अनीता जायसवाल, तृतीय पुरस्कार-बिजेंद्र साहू, विशेष सम्मान पुरस्कार आदित्य श्रीवास्तव, आकाश आहूजा, जितेंद्र सिंह ठाकुर (सर) को प्रदान किया गया।

इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कवर्धा, द्वितीय पुरस्कार अशोका पब्लिक स्कूल, कवर्धा एवं तृतीय पुरस्कार गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा एवं रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के छात्र-छात्राओं को प्रदान किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मेरे सपनों का कवर्धा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ अन्य विधाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा के साथ अपनी-अपनी प्रस्तुति देकर पुरस्कार हासिल किये।

# सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पर्यावरण बचाओ अभियान की शुरुआत



**भिलाई, 24 जनवरी।** सर्व धर्म सेवा संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंगल यूज़ प्लास्टिक बैन एवं पर्यावरण बचाओ अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान वर्षभर जागरूकता, जनसंवाद एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुँचाएगा। वर्तमान समय में पर्यावरण की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है। सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बढ़ता प्रदूषण, तेजी से गिरता भू-जल स्तर, अनावश्यक बिजली खपत, भोजन की बढ़ती बर्बादी, बदलता मौसम चक्र तथा उससे उत्पन्न बीमारियाँ यह स्पष्ट संकेत देती हैं कि यदि अभी सचेत नहीं हुए, तो भविष्य गंभीर संकट का सामना करेगा। प्लास्टिक प्रदूषण, जल अपव्यय एवं खाद्य अपशिष्ट दोनों मिलकर प्रकृति और मानव जीवन पर सीधा आघात कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज के उच्चतम स्तर तक पहुँचाने हेतु छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद विजय बघेल, विधायक देवेंद्र यादव एवं जिलाधीश को सूती कपड़े की थैलियां भेंट की गईं तथा प्रदेशवासियों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक के बहिष्कार एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। साथ ही स्कूलों एवं कॉलेजों में विद्यार्थियों के बीच सूती थैलियों का वितरण कर उन्हें यह संकल्प दिलाया गया कि वे सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे, पानी की प्रत्येक बूँद को बचाने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक बिजली खपत से बचेंगे तथा भोजन की बर्बादी नहीं करेंगे।



### आईजी ने पदभार ग्रहण किया

**दुर्ग, 24 जनवरी।** दुर्ग रेंज के नए आईजी अभिषेक शांडिल्य ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग ने नए दुर्ग रेंज आईजी अभिषेक शांडिल्य का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया पदभार ग्रहण करते समय आईजी शांडिल्य ने मौजूद अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील, निष्पक्ष एवं प्रभावी पुलिसिंग को प्राथमिकता देने की बात कही है बेहतर समन्वय, कार्यकुशलता पर विशेष जोर दिया इस अवसर पर दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल मौजूद थे

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं का किया गया सम्मान

**भिलाई, 24 जनवरी।** दिव्य अनुभूति विद्यालय, कोहका द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं के सम्मान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ सर्वप्रथम विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य जे.पी. घनघोरकर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी बघेल रहीं। उनके साथ दिव्य अनुभूति विद्यालय एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष व पार्षद महेश वर्मा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रजनी बघेल ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समाज निर्माण में आपका योगदान अत्यंत सराहनीय है। महेश वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया यह सम्मान समारोह सराहनीय एवं प्रेरणादायी प्रयास है। भाजयुमो प्रदेश प्रमुख (आईटी) अमित मिश्रा ने कहा कि बसंत पंचमी प्रकृति में नई ऊर्जा, उल्लास और रचनात्मकता का प्रतीक है। हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख संदीप उपाध्याय ने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ अध्ययनरत छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी प्रदान किए जाते हैं, जो आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, दिव्या भसीन, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक महेंद्र शर्मा, समाजसेवी कन्हैया सोनी, शारदा गुप्ता, शिक्षाविद आशीष गल पाण्डेय, मंदिर समिति के विनय गणेशे एवं अशोक यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं में योमेश्वरी साहू, मीरा साहू, उत्तरा सहारे, रागिनी वर्मा, सरस्वती नागेश्वर, माधुरी वर्मा, मीना जंघेल, संतोषी साहू, पंचशीला मेश्राम एवं कुमलेश्वरी जंघेल का सम्मान किया गया।

# यूनिवर्सल रेल मिल में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

**भिलाई, 24 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सुरक्षा शपथ के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक देवदत्त सतपथी तथा महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता की उपस्थिति रही।गैस सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम में विनय देवांगन द्वारा गैस से संबंधित संभावित खतरों, सुरक्षित उपयोग, लीकेज की पहचान एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं व्यावसायिक खतरों से संबंधित प्रशिक्षण सत्र में दीर्घकालीन कार्य से होने वाले स्वास्थ्य प्रभाव, एर्गोनॉमिक्स एवं संभावित जोखिमों पर श्रीमती शुभश्री प्रशांत द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण के तहत चोट, बेहोशी, फैक्चर एवं अन्य आपात परिस्थितियों में त्वरित सहायता के व्यावहारिक तरीकों का प्रदर्शन एस. डी. ग्वाल द्वारा किया गया। सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह मुख्य




अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) श्री तापस दासगुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एस.के. अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता द्वारा की गई। सुरक्षा सप्ताह का आयोजन विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक पलवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। संचालन अरविन्द साह एवं जी.पी. पांडियन द्वारा किया गया।

# शासकीय प्राथमिक शाला परेवाडीह में बसंत पंचमी हर्षोल्लास से मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 24 जनवरी।** शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण परेवाडीह उतई में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर माँ सरस्वती की मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा व उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधिवत सरस्वती पूजा कर विद्यालय परिसर में माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा जितेन्द्र वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत महकाखुर्द परेवाडीह सुश्री



अर्चना यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री दिलीप साहूएडी मानकर सभापति जनपद पंचायत पाटन श्रीमती चन्द्रिका कलिहारी सदस्य जनपद पंचायत पाटन श्रीमती त्रिवेणी बंजारे पूर्व सदस्य, जनपद पंचायत पाटन भुनेश्वर प्रसाद साहू सरपंच, ग्राम पंचायत पतोरा डुलेश्वर यादव उपसरपंच, ग्राम पंचायत महकाखुर्द श्रीमती दामिनी यादव अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति उपस्थित रहे। सरस्वती पूजा में मुख्य यजमान के रूप में राजेश तिवारी एवं पुनीता तिवारी मोरिद शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मोर संगी जहुँरिया मानस जस जगराता परिवार, धौराभाठा के कलाकारों द्वारा भक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। स्वागत भाषण सरपंच अर्चना यादव ने देते हुए स्कूल के समस्याओं से चर्चा कराया। उन्होंने बताया कि स्कूल में कमरा की कमी है इस कारण उन्होंने शासन से स्कूल के अतिरिक्त कक्ष बनाने की मांग रखी।इस अवसर पर ग्रामीण बीसहत यादवए शाला प्रबंधन समिति के सदस्य तथा ग्राम परेवाडीह एवं महकाखुर्द के समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### मैं भी कलाम विज्ञान मेला में शामिल हुए युवा सरपंच रवि सिंगौर



**उतई,24 जनवरी।** संकल्प एक प्रयास सोसाइटी भिलाई के तत्वधान ग्राम सांकरा पर मैं भी कलाम को लेकर विज्ञान मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा सरपंच रवि सिंगौर मौजुद रहे। मिली जानकारी अनुसार क्रमशः सांकरा सहित अलग अलग स्कूल जैसे कोपेडीह ,पाहंदा अ ,खम्हरिया से 27बच्चों ने विज्ञान मेला मे आपन मॉडल का प्रदशन किया। जिसमे प्रथम अभिषेक खम्हरिया, दितीय आस्था अहिकार, तृतीया पर करीना पाल रहे। इस अवसर पर उपसरपंच रामशरण बंधे, संजय सिंगौर पंच, तुलाराम सिंगौर पंच, वीरेंद्र यदु पंच, मनहरण सिंगौर, छोटू यादव, राधे बंधे सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सिविल अभियांत्रिकी विभाग में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 24 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यांत्रिकी अंचल अंतर्गत सिविल अभियांत्रिकी विभाग में वार्षिक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी. के. बेहरा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, महाप्रबंधक एस. सुनोव, विभाग प्रमुख एवं महाप्रबंधक बी. एन. झा सहित विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। संचालन सहायक महाप्रबंधक आर. के. गुप्ता द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक अजय शर्मा द्वारा किया गया।

### श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई सरस्वती पूजा



**भिलाई, 24 जनवरी।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यालय परिसर में सरस्वती पूजा भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक वातावरण, पारंपरिक विधियाँ तथा विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। पूजा एवं उससे संबंधित सभी धार्मिक क्रियाएँ इन्फ्रास्ट्रक्चर निदेशक बृजमोहन उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्र, अकादमिक कोऑर्डिनेटर वेद प्रकाश बाजपेई एवं अकादमिक कोऑर्डिनेटर श्रीमती हरविंदर कौर संधू द्वारा पूर्ण श्रद्धा एवं आस्था के साथ संपन्न की गईं, जो भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति उनके गहरे सम्मान को दर्शाती हैं। इस आयोजन का सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती पूजा मजूमदार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान ज्ञान, बुद्धि एवं विद्या की देवी माँ सरस्वती के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा सांस्कृतिक मूल्यों के साथ-साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया।

### भोरमदेव शक्कर कारखाना प्रबंधन ने की किसानों से गन्ना विक्रय की अपील

**कवर्धा, 24 जनवरी (तछसं.)।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा ने सहकारिता की मजबूती और किसानों के सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपने सदस्य गन्ना किसानों से सर्वे के अनुरूप गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने की निर्णायक एवं सकारात्मक अपील की है। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि यह पहल किसानों और कारखाने दोनों के हित में एक साझा अवसर है। कारखाना प्रबंधन द्वारा 23 जनवरी 2026 को जारी अपील में बताया है कि पेराई सत्र 2023-24, 2024-25 एवं वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 में सर्वे अनुमान के अनुसार अपेक्षित गन्ना आपूर्ति नहीं हो सकी, जिसके कारण कारखाने की पेराई क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाया। इसका सीधा प्रभाव पेराई अवधि, उत्पादन और आर्थिक स्थिरता पर पड़ा है। प्रबंधन ने कारखाने की पंजीकृत उपविधियों के अंतर्गत जानकारी देते हुए बताया कि उपविधि धारा 07(02)(घ) के अंतर्गत सदस्य किसानों के लिए अपना उत्पादित गन्ना कारखाने में आपूर्ति करना अनिवार्य है। वहीं उपविधि धारा 09(क)(05) के अनुसार यदि लगातार सर्वे के अनुरूप गन्ना आपूर्ति नहीं की जाती है, तो सदस्यता समाप्त करने का प्रावधान है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि इन प्रावधानों का उद्देश्य दंड नहीं, बल्कि सहकारी संस्था की निरंतरता और किसानों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा है। कारखाना प्रबंधन ने कहा कि सर्वे के अनुरूप पर्याप्त गन्ना आपूर्ति होने से कारखाने का संचालन सुचारु रहेगा, पेराई अवधि बढ़ेगी, उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों को समय पर सुरक्षित भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। किसानों को कारखाने से मिलने वाली सुविधाएं जैसे रियायती दर पर शक्कर, प्रेस मड, उन्नत गन्ना बीज, उन्नत गन्ना खेती प्रशिक्षण कारखाने के आगे के संचालन पर ही निर्भर हैं। कारखाने के सुचारू संचालन से क्षेत्र की सहकारी अर्थव्यवस्था और ग्रामीण रोजगार को भी मजबूती मिलेगी। प्रबंधन ने सभी सदस्य गन्ना किसानों से आह्वान किया है कि वे इस साझा अवसर को समझते हुए उपविधि एवं सर्वे के अनुरूप गन्ना आपूर्ति बढ़ाएं और भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने को किसानों की उन्नति का मजबूत आधार बनाए रखें।

### महिला को हार्ट अटैक, ट्रैफिक पुलिस ने 40 मिनट में पहुंचाया अस्पताल

**भिलाई, 24 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई ऑपरेशन सुरक्षा के तहत 67 वर्षीय महिला को हार्ट अटैक आने पर ट्रैफिक पुलिस ने 40 मिनट में रायपुर अस्पताल पहुंचाया है इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने वृद्ध को ले जाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था मानव सेवा एवं आपातकालीन प्रबंधन का उदाहरण पेश करते हुए गंभीर रूप से बीमार मरीज रिसाली निवासी शीला देवी हार्ट अटैक आने के बाद स्पर्श अस्पताल भिलाई में भर्ती कराया गया था। मरीज की स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रायपुर रामकृष्ण अस्पताल ले जाने की सलाह दी मामले की संवेदनशीलता एवं समय की गंभीरता को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा तुरंत रूट क्लियरेंस करते हुए ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया। मार्ग में तैनात ट्रैफिक बल द्वारा समन्वय बनाकर सिग्नल क्लियर कराए गए अन्य वाहनों को नियंत्रित करते हुए एम्बुलेंस को निर्बाध मार्ग ( 67 साल ) महिला को पड़ा था दिल का दौरा उपलब्ध कराया गया। मरीज को सुरक्षित रूप से रामकृष्ण अस्पताल रायपुर पहुंचाया गया जहां उपचार जारी है कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस अनुशासित ट्रैफिक प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है ।

## एक नजर

### सिमगा में देवांगन समाज ने बसंत पंचमी धूमधाम से मनाया



**सिमगा 24 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देवांगन समाज द्वारा बसंत पंचमी का पर्व इस वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की सहभागिता रही। पीले वस्त्रों से सजे श्रद्धालुओं ने बसंत ऋतु के स्वागत के साथ विद्या, बुद्धि और कला में प्रगति की कामना की। समारोह के दौरान भजन-कीर्तन, सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे आयोजन में भक्ति, उल्लास और सामाजिक एकता का सुंदर दृश्य देखने को मिला। सिमगा नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया करण भाटिया पूजा अर्चना कर के शरबत प्रसाद वितरण किया जिसमें देवांगन समाज के सभी वरिष्ठ गण उपस्थित थे।

### आओ खुशियां बाँटें योजना के अंतर्गत न्योता भोज आयोजित



**रायपुर 24 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आओ खुशियां बाँटें योजना के तहत न्योता भोज आयोजित आओ खुशियां बाँटें योजना के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल बोरियाकला की शिक्षिका श्रीमती दिव्या त्रिपाठी द्वारा अपने जन्मदिवस (26 जनवरी) के उपलक्ष्य में आज बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं, स्कूल का समस्त स्टाफ गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ खुशियां साझा की गई तथा सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का संदेश दिया गया उपस्थित अतिथियों ने श्रीमती दिव्या त्रिपाठी के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं।

### मूकमाटी एक्स. नामकरण पर सासंद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल ने किया आभार व्यक्त

**डोंगरगढ़ 24 जनवरी।** देवतुल्य आचार्य विद्यासागर जी के पवित्र ग्रंथ मूकमाटी के नाम से



जबलपुर रायपुर इंटरसिटी एक्स का नामकरण करने पर खुशी और हर्ष जाहिर करते सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह,रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, जिले के सांसद संतोष पांडेय का धन्यवाद ज्ञापित करते आभार व्यक्त किया गया है। श्री हत्थेल ने बताया कि 05 अक्टूबर 2024 को मेरे द्वारा एक पत्र लिखा था जिसमे हमारे देवतुल्य गुरु आचार्य विद्या सागर जी महाराज जी के नाम भारत सरकार के रेल मंत्रालय से कोई एक ट्रेन का नाम आचार्य श्री के नाम पर रखने का निवेदन किया गया था जिस पर सरकार द्वारा उनकी लिखी हुई पवित्र ग्रँथ मूक माटी के नाम से एक्सप्रेस जो इंटरसिटी के नाम से जबलपुर से रायपुर और रायपुर से जबलपुर चलती है मूकमाटी नामकरण कर दिया गया जिससे उनके अनुयायियो में खुशी की लहर दौड़ गई।

# रिंकू भाटिया के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ पदयात्रा अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 24 जनवरी।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिमगा के तत्वाधान ने मनरेगा बचाओ पदयात्रा अभियान आज चौथे दिन ग्राम झिरिया, नवागांव, मुसवाडीह, कामता एवं पैसारी में सफलतापूर्वक पहुँचा। इस पदयात्रा का उद्देश्य मनरेगा योजना के संरक्षण, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और ग्रामीण रोजगार को मजबूत करना रहा। यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा की मोदी सरकार मनरेगा को बंद करना चाहती है और किसान, मजदूर वर्ग के लोगों को पलायन करने के लिए मजबूर कर रही है, उन्होंने आगे कहा की आपके पास कोई कानूनी ग्रेंटी नहीं रहेगी, आपको किसी भी मेट या रोजगार सहायक का सहयोग नहीं मिलेगा और मजदूरों को ना ही समय पर काम मिल रहा है और ना ही मजदूरी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिनव यदु ने कहा की मनरेगा मजदूर , ग्रामीण जरूरतमंदो का हक का काम है जिसे कांग्रेस ने 2005 में मनमोहन सरकार ने चालू किया था, उसे अब भाजपा की सरकार नए नए नियम लाकर पूर्ण रूप से बंद करना चाहती है।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा की आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा की डबल इंजन सरकार को उखाड़ कर फेकना है और कांग्रेस की सरकार लाना है ताकि मनरेगा का कार्य सुचारू रूप से चल सके। कार्यक्रम को पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. के.के. नायक ने भी संबोधित किया और अपना मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चंदू साहू, मंडल अध्यक्ष भिखारी गहरे, जनपद प्रतिनिधि गोलू साहू, साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष शेष साहू, कुंजराम साहू, कंश साहू, नागेश साहू, राहुल शर्मा, कान्हा यदु, हेमदास कोसले, अश्वनी बारले, धनसिंह साहू, सचिंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पदयात्रा के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया गया और मनरेगा से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम ने संगठन की मजबूती और जनसरोकारों के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाया।

### प्रारंभिक जांच में सुरक्षा मानकों एवं एसओपी के गंभीर उल्लंघन खुलासा

# रियल इस्पात एंड एनर्जी प्लांट हादसे पर सख्त कार्रवाई किल्न क्रमांक-01 सील,संचालन व मेंटेनेंस प्रतिबंधित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,24 जनवरी।** बकुलाही स्थित मेसर्स रियल इस्पात एण्ड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के कारखाना परिसर में गुरुवार को घटित भीषण औद्योगिक दुर्घटना के मामले में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर सख्त कदम उठाया गया है। दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर कारखाना अधिनियम के तहत किल्न क्रमांक-01 के संचालन एवं मेंटेनेंस सहित समस्त कार्यों पर तत्काल प्रतिबंध लगाए जाने का आदेश जारी किया गया है।

सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा जारी आदेश के अनुसार 22 जनवरी 2026 को प्रातः लगभग 9.40 बजे किल्न क्रमांक-01 के डस्ट सेटलिंग चेंबर के द्वितीय तल में कार्य के दौरान अचानक विस्फोट एवं गर्म ऐश की बौछार होने से 6 श्रमिकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जब कि 5 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय डस्ट सेटलिंग चेंबर के भीतर लगभग 850 से 900 डिग्री सेल्सियस तापमान की गर्म ऐश को पोकिंग के माध्यम से नीचे गिराया जा रहा था।घटना की गंभीरता को देखते हुए सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, बलौदाबाजार द्वारा उप संचालकों एवं अधिकारियों की संयुक्त टीम के साथ कारखाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुर्घटनास्थल की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई ।इस दौरान कारखाना प्रबंधन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कारखाना प्रबंधन द्वारा एसओपी का पालन नहीं किया गया। किल्न का शटडाउन किए बिना श्रमिकों से अत्यंत जोखिमपूर्ण स्थिति में कार्य कराया गया। डस्ट सेटलिंग चेंबर के हाईड्रोलिक स्लाइड गेट को बंद नहीं किया गया, उचित वर्क परमिट जारी नहीं किया गया, नियमित रखरखाव का अभाव रहा तथा श्रमिकों को आवश्यक सुरक्षा प्रशिक्षण, पर्यवेक्षण और हीट रेसिस्टेंट एप्रन, सुरक्षा जूते, हेलमेट जैसे अनिवार्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए। किल्न क्रमांक-01 में विनिर्माण प्रक्रिया एवं मेंटेनेंस कार्य इमिनेंट डेंजर की स्थिति में थे। जिसके चलते कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 40(2) के अंतर्गत किल्न क्रमांक-01 के संचालन एवं समस्त मेंटेनेंस कार्यों पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध तब तक प्रभावशील रहेगा, जब तक कारखाना प्रबंधन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते।आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रतिबंधात्मक अवधि के दौरान कारखाने में नियोजित समस्त श्रमिकों को देय वेतन एवं अन्य भत्तों का भुगतान निर्धारित तिथि में अनिवार्य रूप से किया जाए। सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का कहना है कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## 27 जनवरी से श्रीराम मानस महायज्ञ का 9 दिवसीय भव्य आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 जनवरी।** लाल बहादुर नगर - नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में आगामी 27 जनवरी से 4 फरवरी तक 9 दिवसीय श्रीराम मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस महायज्ञ का आयोजन संत चिन्मयानंद जी (हरिद्वार) के सान्निध्य में किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन भक्तों को श्रीराम के जीवन से जुड़ी शिक्षाएं दी जाएंगी। आयोजन के संदर्भ में गत दिनों लालबहादुर नगर स्थित हाई स्कूल प्रांगण में भूमिपूजन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह का वातावरण देखने को मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने बताया कि श्रीराम मानस महायज्ञ के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक संत श्री चिन्मयानंद जी द्वारा प्रवचन दिए जाएंगे। साथ ही, इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नगर पंचायत ने विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया है, ताकि यज्ञ के समस्त विधि-विधान को सुचारू रूप से सम्पन्न किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस आयोजन पर लगभग 30 लाख रुपये का खर्च आ सकता है, जो श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं के सहयोग से पूरा किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष छबिल साहू, अशोक साहू, प्रमोद अग्रवाल, जीवन साहू, भूखंड ताम्रकार, शेखर तिवारी, कुंदन तिवारी, दीपक अग्रवाल, नोबेल साहू सहित नगरवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। महायज्ञ के दौरान भव्य आस्था और श्रद्धा का संगम देखने को मिलेगा, जिसके प्रति नगरवासी और आस पास के क्षेत्र के लोग बेहद उत्साहित हैं।

## गोल बाजार में सरेआम युवक की जमकर पिटाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 जनवरी।** गुरुवार को शहर में निकाली गई धार्मिक चुनरी यात्रा के दौरान नशेड़ी युवकों के द्वारा नगर के हृदय स्थल गोलबाजार में सरेआम एक युवक की जमकर पिटाई करने का मामला सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ और लोग तरह तरह की अफवाह फैलाने लगे। वहीं बताया जाता है कि पुरानी रंजिश को लेकर सरेआम मारपीट में लोग मूक दर्शक हो तमाशबीन बने रहे और पुलिस को बिना जानकारी दिए मोबाइल से वीडियो बना सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया जिससे चुनरी यात्रा में लगी पुलिस प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे है ? वहीं इस घटना को लेकर गोल बाजार के व्यापारियों में कानून व्यवस्था को लेकर रोष देखा जा रहा है। बताया जाता है कि सरेआम युवक की पिटाई की घटना ने गोलबाजार में कुछ घंटे तक अफरा तफरी जैसा माहौल निर्मित कर दिया था। उसके बावजूद स्थानीय थाने में इस घटना को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत खबर लिखे जाने तक दर्ज नहीं कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात 9 बजे गोल बाजार कि बताई जा रही है. जिसमें चुनरी यात्रा के समापन के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में भगत सिंह चौक निवासी एक डॉक्टर के पुत्र हर्ष वर्मा व एक अन्य युवक के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्ष में पहले विवाद फिर मारपीट हुई और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक दूसरे पर वार कर दिया। मामला बढ़ता देख दूसरे पक्ष ने अपने साथियों को बुलाकर डॉक्टर के पुत्र हर्ष वर्मा को बीच बाजार में लात घूंसो से बेरहमी से पिटाई कर दी गई। वही पुरे घटना में बताया जाता है कि अब तक किसी भी पक्ष ने थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई है। परंतु इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारी आक्रोशित है. उनकी माने तो रात 9 बजे बीच गोल बाजार में इस तरह की घटना होना एक अच्छे समाज में कहीं भी सही नहीं है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसी घटनाओं पर जल्द विराम लगाए। तथा नशे में धूत नाबालिकों पर शिकंजा कसने का कार्य करें।



## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगाँव में 'परीक्षा पे चर्चा ' पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़ 24 जनवरी।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगाँव में 'परीक्षा पे चर्चा ' कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 23 जनवरी 2026 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में आसपास के केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालय, सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों तथा छत्तीसगढ़ बोर्ड से संबंधित विभिन्न विद्यालयों के कुल 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच तथा परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करना था। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का विषय एनसीईआरटी द्वारा विकसित 'सऑपरेशन सिंदूर मॉड्यूल' पर आधारित था, जिसका उद्देश्य सामाजिक मूल्यों, संवेदनशीलता एवं सहभागिता की भावना को विद्यार्थियों में विकसित करना है। प्रतियोगिता दो स्तर मिडिल स्टेज (कक्षा 6 से 8) तथा सेकेंडरी स्टेज (कक्षा 9 से 12) में आयोजित की गई। मिडिल स्टेज वर्ग में अभिषेक चौबे (कक्षा 7वीं), पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान जयंत कुमार (कक्षा 7वीं), दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगाँव तथा तृतीय स्थान रुद्राक्ष साहू (कक्षा 7वीं), पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ ने प्राप्त किया।

सेकेंडरी स्टेज वर्ग में प्रकाश अमृतराज (कक्षा 11वीं), पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान आरोही कुंजाम (कक्षा 11वीं), पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगाँव एवं तृतीय स्थान आस्था महोबिया (कक्षा 11वीं), पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगाँव ने प्राप्त किया ।

सभी प्रतिभागियों को प्रतिक स्वरूप एनसीईआरटी द्वारा विकसित 'मॉड्यूल' की प्रिंटेड प्रतियाँ प्रदान की गई 7मिडिल स्टेज के प्रतिभागियों को स्वदेशी- वोकल फॉर लोकल 'मॉड्यूल' तथा सेकेंडरी स्टेज के प्रतिभागियों को स्वदेशी-फॉर सेल्फ रिलायंट इण्डिया संस्था प्रमुख श्री मनोज कुमार द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस के पराक्रम, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

## वसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर कवियों ने बासंती रंग बिखेरे

**रायपुर 24 जनवरी।** जैतू साव मठ, पुरानी बस्ती, रायपुर में आचार्य अमरनाथ त्यागी की अध्यक्षता में वसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी हुई।

**शोभा मोहन श्रीवास्तव ने पढ़ा.**
कमल बइटकी बिराज सुंदर, झनक-झनक झन बीनाबजैया
सजा के संगीत सातों सुर में, गुँजार ले सबके मनलुभैया।
हे हाथ पुस्तक अउ अक्षमाला, मुड़ी खपाये मकुट रतन हे
सहस सुरुज कस उजास मुँहरन, बड़े बड़े मन गिरे चरन हे।

**सुनील पांडे ने पढ़ा ...**
युवती की तरह, प्रकृति का संवरने का मन है
गृह प्रवेश करना हो अगर, यही शुभ क्षण है।
कण-कण में उत्सव है, हर श्वास में स्पंदन है
आओ वसंत, तुम्हारा स्वागत है, अभिनंदन है।

**अनीता झा ने पढ़ा...**
महुओं की खुशबु से मन मदहोश हैं
गीत खुशियों से नाचे मन मोर है
बसन्ती झूलो संग सजाई जीवनशाला है
बजते ढोल नगाड़े संगीत सजाई, मधुशाला हैं।
जन कवि गोपाल जी सोलंकी ने पढ़ा...
मंद सुगंधित हुई हवाएं,
शीतलता तन मन सिहराए।
ऋतु बसंत में सूखे पेड़ भी,
युवा हुए हर डाली हरियाए।

**मोहन श्रीवास्तव ने पढ़ा...**
आया बसंत धरती, मदमस्त भारी।
फैला सुगंध नभ में , बहती बयारी।।
पीले प्रफुल्ल सरसों , दृग मोद कारी।
गेहूं मिले मटर से, नर संग नारी।

**अमरनाथ त्यागी ने पढ़ा...**
उषा की एक वासंती किरण जो जग गई होती
सलिल कूलों पे वंशी की ध्वनि वह बज गई होती
उठाती हाथ नभ की ओर जो उषा की अंगड़ाई
सितारों की सियाह बस्ती में, हलचल मच गई होती।

**कुमार जगदली 'सुनील' ने पढ़ा...**
सुन री सखी श्रृंगार करन दे
मोरे पिया मिलन को आवन हे
मोहे सजन दे साजन के रंग
ला दई री उबटन लगावन हे।
रवींद्रनाथ सरकार ने पढ़ा...
शीत के बाद आया ऋतुराज
खिल उठी सारी प्रकृति आज।
लगती धरा नववधु समान
पीले पतंगों की आकाशीय उड़ान।

**अंबर शुक्ला अंबरीश ने पढ़ा...**
प्रकृति में बिखरी रंगीन छटा छाई बहार दिग -दिगंत
सजी रंगों की फुलवारी हर्षित हो गया मन मतंग।

**भूपेंद्र शर्मा ने पढ़ा...**
न पलाश बचे, न ही टेशुओं को है छोड़ा
प्रकृति का विनाश करके, तू बसंत को खोजने चला।
इन्सान प्रकृति का संरक्षण भूल, स्वार्थ से उसका सब कुछ लूट रहा
विनाश के वातावरण में, तू बसंत को कहां ढूंढ रहा।

इस अवसर पर तेजपाल सोनी, शोभा मोहन श्रीवास्तव, मन्नू लाल यदु 'नाथ', शारदेंदु झा आदि ने भी प्रस्तुति दी।

### वैज्ञानिक सर्वे, डेटा संग्रहण एवं संरक्षण तकनीक पर मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

# बलौदाबाजार वन मंडल में जलाशयों एवं आर्द्रभूमियों के संरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यशाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 24 जनवरी।** वनमण्डल क्षेत्र में स्थित जल निकायों एवं आर्द्रभूमियों के संरक्षण, उनके वैज्ञानिक प्रबंधन तथा सटीक डेटा संग्रहण की प्रक्रिया को मजबूत बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षु एसीएफ प्रखर नायक,सुश्री श्वेता सिंह,समस्त प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल,प्रत्येक परिक्षेत्र से आए वन अधिकारी, मैदानी कर्मचारी एवं महाविद्यालयीन छात्र भी शामिल हुए।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ अजय मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने आर्द्रभूमियों की पारिस्थितिकी, उनके स्वास्थ्य की जांच, सर्वेक्षण की प्रक्रिया तथा आधुनिक उपकरणों के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी समझाया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा संरक्षण प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने में किस प्रकार सहायक होता है।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ फील्ड में ले जाकर प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया, जिससे सर्वेक्षण की बारीकियों को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। इस दौरान प्रतिभागियों की तकनीकी शंकाओं का समाधान भी किया गया तथा सर्वेक्षण कार्य को अधिक सटीक एवं प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान यह बताया गया कि आर्द्रभूमियाँ केवल जल संचयन का केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे स्थानीय जैव विविधता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण आधार हैं। ऐसे में इनके संरक्षण और निगरानी हेतु वैज्ञानिक पद्धतियों से सर्वेक्षण एवं नियमित रिकॉर्डिंग आवश्यक है, जिससे भविष्य की संरक्षण योजनाओं को बेहतर दिशा मिल सके।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला जिले के आवेदकों के लिए 29 जनवरी को

**बलौदाबाजार, 24 जनवरी ।** निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु राज्य शासन के मंशानुसार कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा दिनांक 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु बलौदाबाजार जिले के आवेदकों के लिये दिनांक 29 जनवरी 2026 दिन गुरूवार निर्धारित किया गया है। ऐसे आवेदक जो निजी क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक है और मेले में शामिल होना चाहते है उनका रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु दोनो पंजीयन होना अनिवार्य है।जो आवेदक पूर्व में अपना पंजीयन किये है तथा अपना फार्म अपूर्ण या पदों का चयन नहीं किये है वे अपने आईडी पासवर्ड के माध्यम से या छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से योग्यतानुसार संबंधित पद का चयन करते हुए अपना आवेदन फार्म पूर्ण कर सकते है।

## धान खरीदी पर राजनीति न हो,ऐसा हो नहीं सकता

जब से छत्तीसगढ़ अलग राज्य बना है।धान खरीदी हो और उस पर राजनीति न हो ऐसा कभी हुआ नहीं है। धान खरीदी शुरू होने से पहले राजनीति शुरू हो जाती है और धान खरीदी समाप्त होने के बाद भी कुछ दिन राजनीति चलती रहती है।जो सत्ता में रहता है, मान लिया जाता है कि वह किसान हितैषी है क्योंकि किसानों ने वोट देकर उनकी सरकार बनाई है।जो सत्ता में नहीं रहता है माना जाता है कि उनको किसानों ने सत्ता देने के लायक नहीं समझा यानी किसानों ने उनको अपना हितैषी नहीं समझा इसलिए उनको सत्ता नहीं सौंपी। इसलिए जो सत्ता में नहीं है, उसकी कोशिश हमेशा किसानों को जनता को यह बताने की होती है कि सरकार किसान हितैषी नहीं, इससे किसानों को परेशानी हो रही है। भाजपा सत्ता में है, सीएम साय मुख्यमंत्री हैं। माना जाता है कि भाजपा सरकार किसानों की हितैषी है, इसलिए चुनाव में जनता ने भाजपा को जिताया और कांग्रेस को नही जिताया। भाजपा दो साल में यह साबित करने में सफल रही है कि वह किसानों की हितैषी है, उसने हर साल किसानों का ज्यादा धान खरीदा है जितने में खरीदने का वादा चुनाव में किया उतने में खरीदा है और धान का पैसा भी कांग्रेस की तुलना मे किसानों को जल्द मिला है। कांग्रेस कोई काम करके तो यह साबित नहीं कर सकती कि वह किसान हितैषी है तो जहां मौका मिलता है कि यह बताने का प्रयास करती है कि सरकार किसान हितैषी नहीं है, सरकार के कारण किसानों को बहुत परेशानी हो रही है। वह किसानों की परेशानी को बढ़ा चढ़ाकर बताती है। कांग्रेस को जैसे ही पता चलेगा कि सरकार १५ नवंबर से धान खरीदी शुरू करने वाली है तो कांग्रेस खुद को किसान हितैषी बताने के लिए तुरंत बयान जारी करेगी कि १५ नवंबर से धान खरीदी होने से किसानों को नुकसान होगा।सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदने के लिए देरी से धान खरीद रही है।हर साल धान खरीदी में थोडी बहुत अव्यवस्था तो होती ही है,जिससे किसानों को परेशानी होती है।खबरे भी छपती हैं, किसान धरना प्रदर्शन भी करते हैं।लेकिन हर साल की तरह धान खरीदी पिछले साल से ज्यादा हो ही जाती है। इस बार भी धान खरीदी को कुछ दिन बचे हैं और कांग्रेस की राजनीति शुरू होगई है कि भूपेश बघेल कह रहे हैं कि २० प्रतिशत किसान अभी धान बेच नहीं पाए हैं,सरकार को धान खरीदी की तारीख बढ़ानी चाहिए। खबर छप रही है कि ६ दिन में पांच लाख किसानों से धान खरीदी होनी है और तीन दिन छुट्टी हैं इसलिए धान खरीदी मुश्किल हैं यानी सरकार को धान खरीदी कुछ दिन बढ़ानी होगी। सरकार भी देखती है कि तय समय पर धान खरीदी नहीं होगी तो वह भी किसानों को कुछ दिन हर साल मौका देती है।यह भी कांग्रेस को मालूम है फिर भी भूपेश बघेल के बाद कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज मांग कर रहे हैं कि धान की समय सीमा एक माह बढ़ाई जाए।सच यह है कि सरकार की अच्छी व्यवस्था के कारण अब तक ११६ लाख टन धान की खरीदी हो चुकी है।किसानों को २७४१४ करोड़ रुपए का भुगतान भी हो चुका है।यह सरकार की सफलता है क्योंकि कांग्रेस तो यह आरोप लगा रही थी कि सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती है। किसानों को धान खरीदी में किसी तरह की दिक्कत न हो इसकी चिंता सरकार धान खरीदी के पहले से करती है और हर साल ऐसी व्यवस्था करती है कि किसानों को कम से कम परेशानी हो, धान बेचने में ज्यादा से ज्यादा सुविधा हो। आफ लाइन मे टोकन की परेशानी होती है तो आफ लाइन भी टोकन की व्यवस्था की गई है। सबसे अच्छी बात तो यह है कि साय सरकार के समय पैसों के भुगतान की समस्या नहीं है। धान बेचते के कुछ दिन बात पैसा खाते में आ जाता है।सरकार ने अवैध धान की बिक्री व भंडारण पर रोक लगाने की व्यवस्था भी इस बार की थी और वह पिछली बार से ज्यादा अच्छी थी लेकिन धान का अवैध धंधा करने वाले नए नए तरीके निकाल ही लेते हैं और धान खपा भी लेते हैं तो यह धान खरीदी तंत्र में शामिल कुछ लोगों के कारण ही संभव हो जाता है। सरकार ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई है,.यह अच्छी बात है कि सरकार कहती ही नहीं है कि भ्रष्टाचार रोका जाएगा वह रोकने का पूरा प्रयास भी करती है।

प्रदूषण

# हर सांस पर संकट: वायु प्रदूषण से घटती उम्र और बढ़ती मौतें

**अशोक कुमार साहू**



भारत में वायु प्रदूषण को लंबे समय तक उत्तर भारत, विशेषकर दिल्ली-एनसीआर और सिंधु–गंगा के मैदानी इलाकों की सर्दियों से जुड़ी समस्या माना जाता रहा,लेकिन बीते कुछ वर्षों में सामने आए आंकड़े और शोध यह स्पष्ट कर चुके हैं कि अब यह संकट न तो मौसमी रह गया है और न ही किसी एक क्षेत्र तक सीमित। आज वायु प्रदूषण पूरे देश में फैल चुका है और यह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति का रूप ले चुका है, जो शिशुओं से लेकर बुजुर्गों तक, अमीर से गरीब तक और लगभग हर अंग प्रणाली को प्रभावित कर रहा है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (CREA) की ताजा रिपोर्ट इस संकट की गंभीरता को उजागर करती है। हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तकनीक के जरिए किए गए इस विश्लेषण में भारत के 28 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों के 749 जिलों की वायु गुणवत्ता का आकलन किया गया।

चौंकाने वाला तथ्य यह है कि इनमें से एक भी जिला ऐसा नहीं है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के वायु गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरता हो। रिपोर्ट के अनुसार, 749 जिलों में से 447 जिले, यानी करीब 60 प्रतिशत, ऐसे हैं जहां पीएम 2.5 (PM2.5) का वार्षिक औसत स्तर भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (NAAQS) से ऊपर पाया गया। WHO के मुताबिक PM2.5 का वार्षिक सुरक्षित स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होना चाहिए, जबकि भारत में तय NAAQS सीमा 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। इसके बावजूद सैकड़ों जिले इस सीमा को भी पार कर चुके हैं। देश की राजधानी दिल्ली एक बार फिर 'प्रदूषण विजेता' बनकर सामने आई है। यहां PM2.5 का वार्षिक औसत स्तर 101 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया है, जो भारतीय मानक से ढाई गुना और WHO की सीमा से लगभग 20 गुना अधिक है। 2025 में निगरानी किए गए 256 शहरों में से 150 शहरों में राष्ट्रीय PM2.5 मानक का उल्लंघन पाया गया। दिल्ली में कई दिनों तक PM2.5 का स्तर 107 से 130 "g/m" तक रिकॉर्ड किया गया, जबकि भारत में 24 घंटे की सीमा 60 "g/m" और WHO की गाइडलाइन 15 "g/m" है। स्थिति की भयावहता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि भारत का वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) अधिकतम 500 पर सीमित है, जबकि वास्तविक समय में कई बार प्रदूषण का स्तर इससे कहीं अधिक, कभी-कभी 1000 से भी ऊपर पहुंच जाता है। यानी आधिकारिक पैमाने भी जमीनी हकीकत को पूरी तरह नहीं दिखा पा रहे। CREA की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा प्रदूषित 50 जिलों में दिल्ली और असम के 11-11 जिले शामिल हैं। इसके बाद हरियाणा और बिहार के 7-7 जिले, उत्तर प्रदेश के 4, त्रिपुरा के 3, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के 2-2 जिले आते हैं। राज्य स्तर पर देखा जाए तो दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर ऐसे राज्य हैं जहां निगरानी मंऐ शामिल हर एक जिला NAAQS मानक से ऊपर पाया गया। रिपोर्ट में नॉर्थईस्ट को नया प्रदूषण हॉटस्पॉट बताया गया है। असम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में प्रदूषण का स्तर पूरे साल ऊंचा बना रहता है। असम में प्रदूषण का प्रमुख कारण उद्योग नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर चल रहे निर्माण कार्य और धूल (डस्ट) को बताया गया है। गुवाहाटी और उसके आसपास के इलाके, खासकर बर्नीहाट, आज गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं। CREA के विश्लेषक के अनुसार, भारत की वायु समस्या को केवल शहरों की धुंध या सर्दियों की समस्या मानना अब बड़ी भूल होगी। यह पूरे वर्ष और पूरे देश की समस्या बन चुकी है। इसके समाधान के लिए जिला और क्षेत्र आधारित नीति की सख्त जरूरत है।

एयरशेड अप्रोच यानी एक पूरे भौगोलिक क्षेत्र को ध्यान में रखकर प्रदूषण नियंत्रण की रणनीति अपनाए बिना इस संकट से निपटना संभव नहीं है। वायु प्रदूषण का सबसे गंभीर प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। अनुमान के अनुसार, लगभग 46 प्रतिशत भारतीय ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं जहां प्रदूषण के कारण उनकी जीवन प्रत्याशा कम हो गई है। दिल्ली में PM2.5 के लगातार संपर्क से औसतन जीवन प्रत्याशा आठ साल से अधिक घट जाती है।दिल्ली सरकार के आधिकारिक आंकड़े भी इस सच्चाई की पुष्टि करते हैं। साल 2024 में राजधानी में सांस संबंधी बीमारियों से 9,211 लोगों की मौत हुई, जबकि 2023 में यह संख्या 8,801 थी। परिसंचरण तंत्र से जुड़ी बीमारियों से 21,262 मौतें दर्ज की गईं। कुल मिलाकर 2024 में दिल्ली में मौतों की संख्या बढ़कर 1,39,480 हो गई, जो 2023 में 1,32,391 थी। यानी हर दिन औसतन 381 मौतें। PM2.5 जैसे सूक्ष्म कण सीधे रक्तप्रवाह में प्रवेश कर जाते हैं। इससे उच्च रक्तचाप, हार्ट अटैक (मायोकार्डियल इन्फार्क्शन) और स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। श्वसन तंत्र पर इसका असर और भी गंभीर है। भारत में करीब 6 प्रतिशत बच्चे अस्थमा से पीड़ित हैं और प्रदूषण बढ़ने पर अस्पतालों में सांस की तकलीफ से जुड़े मामलों की संख्या तेजी से बढ़ती है।

न्यूरोलॉजिकल यानी तंत्रिका संबंधी प्रभाव भी अब वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हो चुके हैं। वायु प्रदूषण मस्तिष्क में सूजन पैदा कर सकता है, जिससे बच्चों का शैक्षणिक प्रदर्शन प्रभावित होता है और बुजुर्गों में मनोभ्रंश (डिमेंशिया) का खतरा बढ़ जाता है।उच्च PM 2.5 एक्सपोजर का सीधा संबंध समय से पहले जन्म और कम जन्म वजन से पाया गया है। दिल्ली में शिशु मृत्यु दर (IMR) में भले ही मामूली सुधार हुआ हो, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि प्रदूषण इस दिशा में एक बड़ा जोखिम बना हुआ है। 2024 में दिल्ली में कुल 3,06,459 लाइव बर्थ दर्ज किए गए, जबकि जन्म दर में गिरावट और मृत्यु दर में बढ़ोतरी देखी गई। प्रदूषण का असर केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की वैश्विक छवि और खेल आयोजनों पर भी पड़ रहा है। 2026 इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से दुनिया के नंबर-3 खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन का हटना इसका उदाहरण है।

उन्होंने खुलकर दिल्ली के प्रदूषण को अपने फैसले की वजह बताया। यह लगातार तीसरा साल है जब वह इस टूर्नामेंट से हटे हैं। यह संकट अब केवल उत्तर या पूर्व भारत तक सीमित नहीं रहा। छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी हालात चिंताजनक हैं। राजधानी रायपुर में हाल ही में AQI 228 दर्ज किया गया, जो अत्यंत खतरनाक श्रेणी में आता है। दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, धमतरी और कांकेर तक PM 2.5 और PM10 के महीन कणों ने हवा को जहरीला बना दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, ठंड में हवा की गति कम होने से प्रदूषण एक ही क्षेत्र में लंबे समय तक जमा रहता है। स्पष्ट है कि अब तक की नीति, जो केवल कुछ चुनिंदा शहरों तक सीमित थी, पर्याप्त नहीं है। पूरे देश और पूरे वर्ष के दृष्टिकोण से वायु प्रदूषण से निपटने की जरूरत है। उद्योग, परिवहन, निर्माण, कृषि और शहरी नियोजन,हर क्षेत्र में सख्त और वैज्ञानिक कदम उठाने होंगे। पेड़ों की कटाई रोकना, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, सार्वजनिक परिवहन मजबूत करना और जिला-स्तरीय एक्शन प्लान लागू करना समय की मांग है। वायु प्रदूषण अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि यह करोड़ों भारतीयों के जीवन और भविष्य का सवाल बन चुका है। यदि अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में इसकी कीमत स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और जीवन प्रत्याशा, हर स्तर पर हमें और भारी चुकानी पड़ेगी।

## सू- दोकू क्र.296

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.295 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -296

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 295 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## राशिफल

मेष राशि,:-मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। नौकरी में आज आपको अधिकारियों से सहयोग मिलेगा, आप कुछ नया काम भी आज शुरू कर सकते हैं। सरकारी क्षेत्र के काम में आज आपको कामयाबी मिलने का योग बना है। आपको शिक्षा के क्षेत्र में कामयाबी मिलेगी,जो लोग विदेश में शिक्षा के लिए प्रयास कर रहे हैं उनको भी इस मामले में गुड न्यूज मिल सकती है।

वृषभ राशि:- वृषभ राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ रहेगा। आपकी राशि के स्वामी शुक्र आज सूर्य के साथ युति में रहेंगे ऐसे में आपको आज विपरीतलिंगी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। नौकरी मे आज आपका प्रभाव बना रहेगा। आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। शिक्षा और प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी।

मिथुन राशि,:- मिथुन राशि के जातकों के लिए आज राशि स्वामी बुध का गोचर शुभ रहेगा। आपको अपनी बुद्धि और व्यावहारिकता का फायदा मिलेगा। आर्थिक मामलों में आपको अपनी योजनाओं का फायदा मिलेगा। नकौरी में आपका सम्मान बना रहेगा। और सहकर्मियों से आप आज सहयोग भी प्राप्त कर पाएंगे। सरकारी क्षेत्र के काम में आज थोड़ी परेशानी हो सकती है। आर्थिक मामलों में आज आपको अप्रत्याशित खर्च का सामना करना पड़ सकता है। आप आज किसी की मदद भी कर सकते हैं।

कर्क राशि:- कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। राशि स्वामी आज नीच राशि में होंगे लेकिन सूर्य और शुक्र की सप्तम दृष्टि प्राप्त होने से आपको कार्यक्षेत्र मं उन्नति का मौका मिलेगा। आर्थिक लाभ का संयोग बनेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ व्यक्तियों और सहकर्मियों से आपको सहयोग मिलेगा। बिजनेस में आज आप लाभ प्राप्त कर पाएंगे। शिक्षण कार्य से जुड़े जातकों के लिए भी आज का दिन लाभदायक होगा।

सिंह राशि:- आज का दिन सिंह राशि के जातकों के लिए मिश्रित फलदायी होगा। आपको कार्यक्षेत्र में आज अपने काम से काम रखना चाहिए और जहां तक हो सके आज आपको दूसरों के काम से दूरी बनाकर रखना चाहिए। सरकारी मामलों में आज आपको सफलता पाने के लिए अधिक परिश्रम की जरूरत होगी। वैसे आज चतुर बुद्धि और कूटनीति से आप उलझन को सुलझाने में भी सफलता प्राप्त कर पाएंगे। आपके काम का संबंध अगर विदेश है तो आपको कोई लाभ का मौका मिल सकता है।

कन्या राशि:- कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन बुध और सूर्य के गोचर से शुभ रहेगा। आप आज बिजनेस में बुद्धि, वाणी और विवेक से लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपके कार्यक्षेत्र में आज अनुकूल स्थिति बनी रहेगी और आपको साथी सहकर्मियों से भी सहयोग मिलेगा। जो लोग तकनीकी क्षेत्र के काम से जुड़े हुए हैं उनको आज लाभ का विशेष मौका मिल सकता है। सेल्स मार्केटिंग के काम से जुड़े जातकों के लिए भी आज का दिन लाभदायक रहेगा। लेकिन आपको आज शेयर सट्टा से दूरी बनाए रखना चाहिए।

तुला राशि:- आज गुरुवार का दिन तुला राशि के जातकों के लिए आनंददायक रहेगा। आप आज एक से अधिक स्रोत से लाभ प्राप्त कर पाएगे। नौकरी में आपका काम भी आज सुचारू रूप से चलेगा। सहयोगियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको आज सुख साधनों के मिलने की भी खुशी होगी। बिजनेस करने वाले जातकों के लिए भी कमाई के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा। आप कुछ नया काम भी शुरू कर सकते हैं अथवा किसी नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं।

वृश्चिक राशि:- वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन सामान्य रूप से अनुकूल कहा जा सकता है। राशि में जहां चंद्रमा विराजमान हैं तो वहीं राशि स्वामी मंगल दूसरे भाव में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में आज आपको कामकाज में आज संयम रखना होगा। नौकरी में आपका दिन आज व्यस्तता भरा रहेगा। दिन के दूसरे भाग में कुछ नया काम अचानक ही आपके ऊपर आ सकता है। आर्थिक लेनदेन में भी आपको आज व्यवहारिक और सतर्क रहना होगा। वैसे आज आप किसी साहसिक फैसले से लाभ भी ले पाएंगे।

धनु राशि:- आज धनु राशि के लिए गुरु की दृष्टि शुभ फलदायी है। आपको आज किसी वरिष्ठ व्यक्ति से सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपके कार्यक्षेत्र में आज प्रगति होगी। आपको कोई लाभदायक मौका भी मिलेगा। नौकरी में आपको आज साथी सहकर्मी से सहयोग मिलेगा। आपका कोई महत्वपूर्ण काम आज पूरा हो सकता है। आज आज किसी जरूरतमंद की मदद भी कर सकते हैं। घर की साज सज्जा और व्यवस्था पर आप धन खर्च कर सकते हैं। किसी को आपने पैसे दिए हैं तो आपका धन वापस मिल सकता है।

मकर राशि:- मकर राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आप ऊर्जा और उत्साह से भरपूर बने रहेंगे। राशि में विराजमान सूर्य आपको सरकारी क्षेत्र के काम में सफलता दिलाएंगे। नौकरी में आज आपको कोई रुचि का काम मिल सकता है। फैमिली बिजनेस में आपको आज लाभ मिलेगा। आप कुछ नया काम और कारोबार शुरू करने का प्लान कर सकते हैं।

कुंभ राशि:- आज गुरुवार का दिन कुंभ राशि के जातकों के लिए मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। आपको आज चतुराई और कूटनीतिक बुद्धि से लाभ मिल पाएगा। आज राजनीति से जुड़े जातकों को पद और सम्मान की प्राप्ति होगी। आर्थिक मामलों में आज आपको अपने प्रयास का लाभ मिलेगा। आप करियर में कोई लाभ का मौका पाएंगे लेकिन विरोधी और शत्रुओं से आपको आज सतर्क रहना होगा।

मीन राशि:- मीन राशि के जातको के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। आपकी राशि भाग्य भाव में चंद्रमा का गोचर करना और सूर्य का एकादश भाव में होना आपके लिए लाभ का संयोग बना रहा है। आपको करियर मे उन्नति का मौका मिलेगा। अधिकारी और वरिष्ठजनों से आपको आज पूरा सपोर्ट और सहयोग मिलेगा। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी और सरकारी एवं कानूनी मामलों में आपको लाभ और सफलता का मौका मिलेगा। आपका पारिवारिक जीवन भी आज सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ जहां आपका प्रेम बना रहेगा वहीं पिता और बड़े भाई से आप सहयोग भी प्राप्त कर पाएंगे। आपको आज अतिउत्साह में जोखिम वाले काम करने से बचना होगा। हृदय रोग से प्रभावी जातक अपना ध्यान रखें।

विश्व शिक्षा दिवस

# शिक्षा रोजगार का टिकट नहीं, जीवन का दर्शन बने

**ललित गर्ग**

विश्व शिक्षा दिवस कोरा उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है, यह सोचने का क्षण कि शिक्षा क्या है, किसके लिए है और किस दिशा में समाज को ले जा रही है। भारत इस संदर्भ में केवल एक देश नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है, जिसने शिक्षा को कभी भी मात्र रोजगार या सूचना का साधन नहीं माना, बल्कि जीवन-निर्माण, चरित्र-गठन और आत्मबोध की प्रक्रिया के रूप में जिया है। आज जब दुनिया ज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अभूतपूर्व दौर में खड़ी है, तब भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और उसके शैक्षिक सूत्र वैश्विक नेतृत्व का आधार बन सकते हैं। इस वर्ष की थीम 'शिक्षा के सह-निर्माण में युवाओं की शक्ति' है, जो शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर केंद्रित है, यह दिन शिक्षा को एक मौलिक अधिकार और भविष्य की पूंजी के रूप में रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है, ताकि गरीबी मिटाई जा सके, लैंगिक समानता लाई जा सके और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिसकी आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि लाखों बच्चे एवं युवा शिक्षा से वंचित हैं और यह दिन युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाता है।



संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस, शांति और विकास के लिए शिक्षा की भूमिका का जश्न मनाता है। यह शिक्षा को एक मौलिक मानवाधिकार, सार्वजनिक हित और जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करता है। यह दिन गरीबी के चक्र को तोड़ने और लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देता है। यह दिन शिक्षा को भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी मानता है, जो समाज को अंधकार से बाहर निकाल सकती है और भविष्य के निर्माताओं को तैयार कर सकती है। भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा का मूल मंत्र था- ''सा विद्या या विमुक्तये'', अर्थात् वही विद्या है जो मुक्त करे। गुरुकुलों में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं थी; वह आचरण, अनुशासन, प्रकृति के साथ सामंजस्य, गुरु-शिष्य संवाद और जीवनोपयोगी कौशल का समन्वय थी। गुरु केवल विषय का अध्यापक नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टा होता था और शिष्य केवल परीक्षा-उत्तीर्ण करने वाला विद्यार्थी नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक। आश्रम-व्यवस्था में रहकर विद्यार्थी सेवा, श्रम, ध्यान, तर्क और प्रयोग-इन सबके माध्यम से समग्र व्यक्तित्व का विकास करता था। यह शिक्षा आत्मनिर्भरता सिखाती थी, प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सह-अस्तित्व का बोध कराती थी और ज्ञान को जीवन से जोड़ती थी।

औपनिवेशिक काल में यह समग्र शिक्षा व्यवस्था व्यवस्थित रूप से ध्वस्त की गई। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति का उद्देश्य भारतीयों को शिक्षित बनाना नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए ''क्लर्क'' तैयार करना था-ऐसे लोग जो सोच में अंग्रेज़ हों, रंग में भारतीय। इस पद्धति ने शिक्षा को जीवन से अलग कर दिया, भाषा को जड़ों से काट दिया और ज्ञान को रटंत, अंक-केंद्रित और नौकरी-उन्मुख बना दिया। आज़ादी के बाद भी दुर्भाग्यवश, भारत लंबे समय तक उसी ढांचे में फंसा रहा। विद्यालय और विश्वविद्यालय बढ़े, लेकिन शिक्षा की आत्मा कमजोर होती चली गई। डिग्रियों की संख्या बढ़ी, पर कौशल, नैतिकता और नवाचार का संकट गहराता गया। स्वतंत्र भारत की शिक्षा प्रणाली ने कुछ सकारात्मक प्रयास अवश्य किए-सार्वजनिक विश्वविद्यालय, वैज्ञानिक संस्थान, तकनीकी शिक्षा लेकिन व्यापक स्तर पर शिक्षा समाज की आवश्यकताओं से कटती गई। पाठ्यक्रम बोझिल होते गए, परीक्षाएं स्मृति-आधारित बनती गईं और शिक्षक-छात्र संवाद औपचारिकता में सिमट गया। शिक्षा रोजगार का टिकट बन गई, जीवन का दर्शन नहीं। यही कारण है कि आज शिक्षित युवा भी दिशाहीनता, बेरोजगारी और मानसिक तनाव से जूझ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आती है। यह नीति केवल संरचनात्मक सुधार नहीं, बल्कि वैचारिक बदलाव का संकेत देती है। इसमें भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने, बहु-विषयक अध्ययन, रटंत विद्या से मुक्ति, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार और नैतिक शिक्षा पर बल दिया गया है। यह नीति स्पष्ट रूप से मैकाले की शिक्षा पद्धति से बाहर निकलने की दिशा में कदम है-जहां शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सक्षम, सृजनशील और संवेदनशील मानव का निर्माण है।

नई शिक्षा नीति में कौशल विकास, अनुभवात्मक अधिगम, खेल, कला और व्यावसायिक शिक्षा को महत्व देना, उच्च शिक्षा में विषयों की कठोर सीमाओं को तोड़ना-ये सभी कदम गुरुकुल परंपरा की आधुनिक पुनर्व्याख्या जैसे हैं। मातृभाषा में शिक्षा का आग्रह न केवल संज्ञानात्मक विकास को सुदृढ़ करता है, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास भी लौटाता है। यह नीति भारतीय ज्ञान परंपरा-योग, आयुर्वेद, दर्शन, गणित, खगोल को वैश्विक संदर्भ में पुनर्स्थापित करने का अवसर देती है। फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि नीति और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बड़ी चुनौती है। व्यापक परिवर्तन की अपेक्षाएं अभी अधूरी हैं। शिक्षा को वास्तव में कौशल विकास का केंद्र बनाना होगाकृजहां विद्यार्थी केवल पढ़े नहीं, बल्कि कर सके, सोच सके, समस्या सुलझा सके। पाठ्यपुस्तकों और रटंत विद्या से हटकर शिक्षा को जीवन-विकास का आधार बनाना होगा। शिक्षक को फिर से ''गुरु'' की भूमिका में लाना होगा-मार्गदर्शक, प्रेरक और सहयात्री के रूप में।

तकनीकी विकास, नवाचार और एआई के युग में भारतीय शिक्षा पद्धति के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर, उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनना है-डिजिटल साक्षरता, डेटा, विज्ञान और तकनीक में अग्रणी होना है। दूसरी ओर, उसे मानवीय मूल्यों, करुणा, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी सुरक्षित रखना है। यदि शिक्षा केवल तकनीक सिखाएगी और विवेक नहीं, तो वह विनाश का उपकरण बन सकती है। भारत की शक्ति यही है कि वह विज्ञान और अध्यात्म, तकनीक और तत्त्वज्ञान, नवाचार और नैतिकता-इन सबका संतुलन सिखा सकता है। भारतीय शिक्षा पद्धति में वह सामर्थ्य है कि वह दुनिया को एक नया दर्शन और नया शिक्षा-सूत्र दे सके, जहां शिक्षा उपभोग नहीं, साधना हो; जहां ज्ञान सत्ता नहीं, सेवा बने; जहां प्रतिस्पर्धा के साथ सह-अस्तित्व भी हो। ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' की भावना आज वैश्विक शिक्षा का सबसे प्रासंगिक मंत्र बन सकती है।

इक्कीसवीं सदी का मानव और मानव समाज केवल तकनीकी दक्षता या आर्थिक प्रगति से पूर्ण नहीं हो सकता। उसकी संरचना तब तक अधूरी रहेगी, जब तक शिक्षा परिपक्व, समग्र और मूल्यनिष्ठ न हो। आज दुनिया को ऐसे अभिनव मानव की आवश्यकता है जो आध्यात्मिक चेतना से संपन्न हो और वैज्ञानिक दृष्टि से सक्षम भी। शिक्षा का स्वरूप ऐसा हो, जिसमें ज्ञान केवल सूचना न बने, बल्कि विवेक, संवेदना और उत्तरदायित्व का विस्तार करे। मूल्यप्रवाहित शिक्षा व्यक्ति को मानवीय बनाती है और योग शिक्षा उसे आत्म-संयम, संतुलन तथा अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। इन दोनों का समन्वय ही ऐसी शिक्षा को जन्म दे सकता है, जो व्यक्ति को आत्मकेंद्रित नहीं, बल्कि विश्वकल्याण की दिशा में उन्मुख करे। भारत के अनेक आध्यात्मिक संत महापुरुषों ने शिक्षा को समग्रता देने के लिये इस विषय पर गंभीर चिन्तन-मंथन किया।

महान् दार्शनिक संत आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने जीवन विज्ञान के रूप में एक समग्र चिन्तन एवं योजना शिक्षा को परिपूर्णता देने के लिये प्रस्तुत की है। उनके अनुसार मानवता का भविष्य श्रम, अर्थ और संयम-इन तीनों के सामंजस्यपूर्ण विकास पर निर्भर है। श्रम और अर्थ जीवन के मौलिक एवं व्यावहारिक पक्ष हैं, जो समाज की गतिशीलता और आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करते हैं; वहीं संयम जीवन का आध्यात्मिक पक्ष है, जो भोग की अंधी दौड़ को रोककर संतुलन और शांति की स्थापना करता है। यदि शिक्षा अथवा प्रशिक्षण इन तीनों आधारों पर निर्मित नहीं होता, तो जीवन की समग्रता केवल एक कल्पना बनकर रह जाती है। अतः शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार सृजन नहीं, बल्कि ऐसे मनुष्य का निर्माण होना चाहिए जो श्रमशील हो, अर्थसचेत हो और संयमशील भी-यही समग्र शिक्षा, समग्र मानव और समग्र समाज की आधारशिला है। जरूरत है यदि भारत अपनी प्राचीन गुरुकुल परंपरा की आत्मा को आधुनिक संदर्भ में पुनर्जीवित कर सके, नई शिक्षा नीति को जमीनी सच्चाई में बदल सके और शिक्षा को जीवन, समाज और प्रकृति से जोड़ सके, तो वह निश्चय ही विश्व का मार्गदर्शन करने में सक्षम होगा। यह केवल भारत की आवश्यकता नहीं, बल्कि मानवता की आवश्यकता है। विश्व शिक्षा दिवस पर भारत का आह्वान यही हो सकता है कि शिक्षा मनुष्य को मशीन नहीं, मानव बनाए; उसे केवल कुशल नहीं, संवेदनशील बनाए; और उसे केवल वर्तमान के लिए नहीं, भविष्य के लिए तैयार करे।

## एक नजर

### अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंड़ाफोड़

**जगदलपुर 24 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर पुलिस ने शहर में दुपहिया वाहनों की चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बोधघाट एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की कुल 05 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जिनकी कीमत लाखों में आंकी जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी आकाश नाग ने थाना बोधघाट में अपनी दुपहिया वाहन की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में एक विशेष दल का गठन किया गया। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने तीतीरगांव निवासी रितेश पांडे और कृष्णा बघेल को हिरासत में लिया।

### धान खरीदी 28 फरवरी तक बढ़ाए सरकार, 20 प्रतिशत किसान अब भी वंचित: आम आदमी पार्टी

**जगदलपुर 24 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश में धान खरीदी को लेकर किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर आम



आदमी पार्टी ने तीखा हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश सह संगठन मंत्री समीर खान ने आरोप लगाया कि सरकार की साजिशन नीतियों के चलते अब तक छत्तीसगढ़ के करीब 20 प्रतिशत किसान अपनी फसल बेचने से वंचित रह गए हैं। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि किसानों को राहत देने के लिए धान खरीदी की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक बढ़ाई जाए, अन्यथा पार्टी चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी। समीर खान ने बताया कि सरकार ने धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन वास्तविकता यह रही कि कई केंद्रों में खरीदी 17, 18?? 25 नवंबर से शुरू हुई। अब सरकार 31 जनवरी तक खरीदी का दावा कर रही थी, जबकि कई जगह 29 जनवरी को ही खरीदी बंद की जा रही है, जो सरकार की कथनीङ्करनी का साफ विरोधाभास है। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों छोटे किसानों से जबरन रकबा समर्पण करवाया गया, कई किसानों को आज तक ऑनलाइन या ऑफ्लाइन टोकन तक नहीं मिला। टोकन व्यवस्था में भी भेदभाव करते हुए छोटे किसानों को 1, मीडियम को 2 और बड़े किसानों को 3 टोकन दिए गए, फिर भी किसान पूरी फसल नहीं बेच पा रहे हैं। धान खरीदी केंद्रों की प्रतिदिन की लिमिट कम किए जाने से किसान दिनभर लाइन में लगकर परेशान हो रहे हैं।

### 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा का होगा आयोजन, जिले में तैयारी पूरी

**दंतेवाड़ा, 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम), रायपुर द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी-26) का आयोजन 01 फरवरी 2026 को जिले में किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 09:30 बजे से 12:15 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 03:00 बजे से 05:45 बजे तक संपन्न होगी। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार परीक्षा के संपूर्ण संचालन एवं व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन हेतु संयुक्त कलेक्टर श्री भरतराम ध्रुव को नोडल अधिकारी, नायब तहसीलदार दंतेवाड़ा श्री महेश कश्यप को सहायक नोडल अधिकारी तथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री भादूराम धनकर को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी श्री भरतराम ध्रुव का मोबाइल नंबर 9617536306, सहायक नोडल अधिकारी श्री महेश कश्यप का मोबाइल नंबर 9406172376 एवं श्री भादूराम धनकर का मोबाइल नंबर 6266910752 से संपर्क किया जा सकता है। जिले में प्रथम पाली में कुल 3052 एवं द्वितीय पाली में 3709 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों में शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा, शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या स्नातक महाविद्यालय दंतेवाड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दंतेवाड़ा, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पातर्रास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारली (गीदम), सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा, डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पातर्रासदृकुम्हार्रास, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा, अरुणोदय प्राथमिक शाला कारली, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावंगा एवं डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जावंगा (गीदम) शामिल हैं।

# मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, यह गरीबों की आर्थिक सुरक्षा की रीढ़

- नानगुर में निकाली गई 12 किमी की मनरेगा बचाओ पदयात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 24 जनवरी।** आज नानगुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर एवं पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में नानगुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अगुवाई में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पदयात्रा 12 किलोमीटर की जनांदोलन का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने चिलकुटी /बड़े मुरमा/ बड़े बोदल/बड़े कवाली/छोटे कवाली/ होते हुए इस पदयात्रा कार्यक्रम का समापन नानगुर के साप्ताहिक बाजार में हुआ।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि गरीबों की आर्थिक सुरक्षा की रीढ़ है. उन्होंने आरोप लगाया कि बजट कटौती और भुगतान में देरी के जरिए इस योजना को नुकसान पहुंचाया जा रहा है. केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा को कमजोर करने और धीरे-धीरे बंद करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिससे गरीब और ग्रामीण परिवारों पर सीधा असर पड़ रहा है.जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। ब्लॉक अध्यक्ष फूलसिंह बघेल ने पदयात्रा के दौरान कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने तथा ग्रामीण मजदूरों को उनकी आजीविका से वंचित करने की कोशिश करने का जो कार्य कर रही है उसका कांग्रेस पार्टी विरोध करती है जिसके विरोध में आजमनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत चिलकुटी से नानगुर तक 12 किलोमीटर की एकदिवसीय पदयात्रा निकाली है।

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी लगातार विरोध दर्ज कर मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध कर रही है और आमजनों को सरकार की इस मजदूर विरोधी नीतियों से अवगत कराया जा रहा है। श्री जैन ने मजदूरों से आह्वान किया कि वे अपने हक के लिए संगठित रहें और लगातार आवाज उठाएं। कांग्रेस परिवार पूरी तरह से आपके साथ खड़ी है।

इस पदयात्रा में मुख्य रूप से नीलूराम बघेल,हेमू उपाध्याय,गणेश सेठिया,युकां अध्यक्ष निकेत राज झा,असीम सुता,राजेश कश्यप,हरिहर सेठिया,लोकेश सेठिया,शंकर नाग, सोनधर,जगन्नाथ,प्रदीप सेठिया,मनीराम, चमनलाल देहारी, शिवलाल नाग, अर्जुन, लच्छीमधर नाग, विनोद बिसाई, सुभाष गावड़े, रामा, सुखराम आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर-एसपी ने अंतिम फूल ड्रेस परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण

# गणतंत्र दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को दिया अंतिम रूप





- जवानों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मार्चपास्ट में लिया हिस्सा.
- हायर सेकेंडरी स्कूल खेल मैदान में होगा आयोजन
- स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्यमंत्री गजेंद्र यादव होंगे मुख्य अतिथि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 24 जनवरी ।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में आयोजित होने वाले परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आज अंतिम फूल ड्रेस रिहर्सल किया गया। जिसमें जवानों और स्कूली छात्रों ने उत्साहपूर्वक मार्चपास्ट में भाग लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मार्चपास्ट प्रस्तुत करने वाले परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। कलेक्टर श्री ध्रुव ने मुख्य समारोह हेतु की जा रहीं तैयारियों का भी जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

गौरतलब है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर के हायर सेकण्डरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस मुख्य समारोह में प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री एवं दुर्ग विधानसभा के लोकप्रिय विधायक गजेंद्र यादव ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य कमांडर रक्षित निरीक्षक सुशील नौटियाल एवं परेड टू.आई.सी उप निरीक्षक हेमशंकर गुजेन्द्र के नेतृत्व में सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स, जिला बल (बस्तर फाईटर्स) महिला/पुरूष, होम गार्ड, नगर सैनिक, एनसीसी, स्काउट गाइड के जवान समेत कुल 14 दल आस्था विद्या मंदिर जावंगा की बैण्ड पार्टी के देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आर्कषक मार्च पास्ट का प्रदर्शन करेगें। इसके अलावा 8 स्कूलों के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जाएंगे। हर वर्ष की भांति इस बार भी विभिन्न विभागों की झांकी निकाली जाएगी। मुख्य आकर्षण में सक्षम विद्यालय आस्था के श्रवण बाधित, अस्थि बाधित, अर्धदृष्टि बाधित एवं बौद्धिक अक्षमता वाले करीब 120 छात्रों द्वारा बस्तर पण्डुम एवं छ0ग0संस्कृति की प्रस्तुति पेश की जाएगी जिसमें झांकी के साथ नृत्य की भी प्रस्तुति शामिल रहेगी।

गणतंत्र दिवस परेड की अंतिम रिहर्सल के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम लोकांश एल्मा, सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, उप पुलिस अधीक्षक नसार उल्ला सिद्धकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर के बर्मन, डिप्टी कलेक्टर, मूलचंद चोपड़ा, विवेक चन्द्रा, सहायक आयुक्त राजीव नाग, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शिवलाल ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर सहित प्रशासन के अधिकारीगण, एवं शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# दीपोत्सव कार्यक्रम सफलता की ओर अग्रसर, कांग्रेस कर रही अनर्गल बयानबाजी: संग्राम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 24 जनवरी।** एक दिया स्वच्छता के नाम- एक दिया वंदे मातरम के नाम 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने जा रहा भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम जगदलपुरवासियों के लिए आस्था और गौरव का विषय है। नगर पालिका निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा 25 जनवरी को ढाई लाख से अधिक दीप प्रज्वलित करने की व्यापक तैयारी की जा रही है। इस ऐतिहासिक आयोजन में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव की उपस्थिति प्रस्तावित है।

दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। सामाजिक संगठन, संघ, बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स, रोटरी क्लब, बस्तर परिवार संघ, पतंजलि योग समिति, ह्यूमैनिटी वेलफेयर सोसाइटी, कादंबरी संस्था, पत्रकार संघ, विभिन्न म्यूजिकल ग्रुप तथा आम नागरिक इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभा रहे हैं।

इस बीच नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी द्वारा दिए गए बयान पर राजस्व सभापति नगर निगम संग्राम सिंह राणा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव जैसे आस्था से जुड़े पवित्र कार्यक्रम पर इस प्रकार की अनर्गल बयानबाजी निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। अवैध वसूली को लेकर लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं, जो समाज, संघ और सहयोग देने वाले नागरिकों का अपमान है। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

राजस्व सभापति नगर निगम संग्राम सिंह राणा ने कहा कि दीपोत्सव कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन दलपत सागर की सफाई को प्राथमिकता देने के कारण किया गया, क्योंकि बिना स्वच्छता के यह आयोजन संभव नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 9 वर्षों में कांग्रेस की नगर सरकार ने दलपत सागर की उपेक्षा की, जिसके कारण यह गंदगी और जलकुंभी से पटा रहा।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने और महापौर संजय पांडे के नेतृत्व में दलपत सागर की दशा-दिशा बदली है। भारतीय जनता पार्टी पूरा परिवार, स्वच्छता सभापति लक्ष्मण झा, समस्त एमआईसी सदस्य गण, समस्त पार्षद गण, निर्दलीय पार्षद गण, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, दलपत सागर बचाओ मंच एवं आम नागरिक, सभी समाज, संघ संगठन के योगदान से मात्र चार माह में दलपत सागर लगभग 75 प्रतिशत जलकुंभी मुक्त हो चुका है और पूर्ण स्वच्छता की ओर अग्रसर है। राजस्व सभापति राणा ने कहा कि जिन लोगों का दलपत सागर की सफाई में कोई योगदान नहीं रहा, वही आज बयानबाजी कर रहे हैं। विकास कार्यों की सफलता से कांग्रेस नेताओं को असहजता हो रही है, इसी कारण वे अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। दीपोत्सव आस्था, संस्कृति और जनभागीदारी का प्रतीक है और इसे सफल बनाने के लिए पूरा जगदलपुर एकजुट है।

# वाहन चालकों को गुलाब भेंटकर सिखाया सुरक्षा का पाठ

- चालान की जगह थाना प्रभारी ने दी समझाइश
- सड़क सुरक्षा सप्ताह पर बस्तर पुलिस की अनूठी पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 24 जनवरी।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत बस्तर पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए एक अभिनव प्रयोग किया है। ब्लॉक मुख्यालय स्थित बस स्टैंड और साप्ताहिक बाजार क्षेत्र में बस्तर थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नियम तोड़ने वाले चालकों को दंडित करने के बज उनकी सुरक्षा के प्रति आगाह किया। बजाय फूल देकर उनकी सुरक्षा के प्रति आगाह किया।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने वालों और बिना सीट बेल्ट के कार चलाने वालों को रोककर पुलिस ने विनम्रतापूर्वक नियमों की अपील की। पुलिस विभाग द्वारा संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्यवाही करना नहीं, बल्कि आम नागरिकों को उनके जीवन की सुरक्षा के प्रति सचेत करना है। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को समझाते हुए कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट केवल पुलिस की कार्यवाही से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं की जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य हैं। अभियान के दौरान मद्यपान कर वाहन न चलाने और नाबालिगों को वाहन न देने की भी कड़ी हिदायत दी गयी।

### साप्ताहिक बाजार में दी जानकारी

भीड़भाड़ वाले साप्ताहिक बाजार में पुलिस ने ध्वनि साउंड स्पीकर और व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से लोगों को यातायात के विभिन्न संकेतों और नियमों की जानकारी दी। महिला आरक्षक सरदई सेठिया सहित प्रधान आरक्षक और आरक्षकों ने राहगीरों को सड़क पर चलते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

जब वर्दीधारी पुलिसकर्मियों ने बिना हेलमेट जा रहे युवकों को रोककर गुलाब का फूल भेंट किया, तो वे अपनी गलती पर ग्लानि महसूस करने लगे। पुलिस ने स्पष्ट किया कि घर पर उनका कोई इंतजार कर रहा है, इसलिए सहायक उप-निरीक्षक चतुरराम सुरक्षा नियमों की अनदेखी न करें। इस दौरान उप-निरीक्षक अरुण कुमार सिन्हा, बघेल सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।

# युवा आईएएस आकाश छिकारा बने बस्तर के नए कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इन तबादलों में युवा आईएएस अधिकारी आकाश छिकारा को बस्तर जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्ट परिसर स्थित आस्था हॉल में पत्रकारों से भेंट-मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने बस्तर से जुड़ी जमीनी समस्याओं को जानने की इच्छा जताई। पत्रकारों ने जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी सुविधाओं, आदिवासी क्षेत्रों की चुनौतियों सहित विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। इस पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि बस्तर में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी और इसके लिए ठोस एवं व्यावहारिक प्रयास किए जाएंगे।

**कई अहम पदों पर निभा चुके हैं जिम्मेदारी :** आईएएस आकाश छिकारा छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी हैं। वर्ष 2017 में उनकी पहली पदस्थापना सरगुजा में सहायक कलेक्टर के रूप में हुई थी। इसके बाद वे मनेंद्रगढ़ के एसडीएम, सूरजपुर, महासमुंद और दंतेवाड़ा में जिला पंचायत सीईओ रहे।

इसके अलावा वे गरियाबंद और जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर भी रह चुके हैं। हाल ही में वे आवास एवं पर्यावरण विभाग में संयुक्त सचिव, साथ ही रायपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ और नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के एडिशनल सीईओ के पद पर कार्यरत थे। जनवरी 2026 से उन्होंने बस्तर जिले के कलेक्टर का पदभार संभाला है।

# जिला कांग्रेस ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएमडीसी गेट पर दिया धरना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर। 24 जनवरी।** एनएमडीसी के खिलाफबस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर ने बुधवार को नगरनार के एनएमडीसी गेट के सामने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने किया। कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएमडीसी प्रबंधन और सरकार पर तीखा हमला बोला। सुशील मौर्य ने आरोप लगाया कि एनएमडीसी ने करीब 300 करोड़ रुपए की टेंडर प्रक्रिया में नियमों को ताक पर रखकर योग्य कंपनियों को बाहर किया और एक विशेष कंपनी एफ्एसएनएल को अनुचित लाभपहुंचाया। निविदा शर्तों में अचानक बदलाव कर गंभीर अनियमितताओं की गयीं। इस मामले में कांग्रेस ने पहले ही एनएमडीसी के मुख्य विजिलेंस अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार निजीकरण के जरिए अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचा रही है। कांग्रेस एनएमडीसी जैसे सार्वजनिक उपक्रमों विरोध करती है, क्योंकि इससे बस्तर जैसे आदिवासी और अनुसूचित क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के रोजगार के अवसर छिनेंगे। उन्होंने मांग की कि बस्तर पूर्णतः अनुसूचित क्षेत्र होने के कारण स्थानीय युवाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। कांग्रेस ने हो नगरनार स्टील प्लांट से निकलने वाले दूषित लाल पानी और अपशिष्ट से रहे प्रदूषण को गंभीर मुद्दा बताया। मौर्य ने कहा कि 'जीरो डिस्चार्ज' के दावे खोखले साबित हो रहे हैं, क्योंकि जहरीला पानी नदियों और खेतों में जा रहा है, जिससे खेती और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। कांग्रेस ने प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की है।

**कांग्रेस नेताओं ने दोहराई लंबित मांगें:** धरने को पूर्व विधायक रेखचंद जैन ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया और - अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

उन्होंने सीएसआर फंड से प्रभावित गांवों के विकास, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता, आवासीय स्कूल, आईटीआई व स्किल ट्रेनिंग, ठेका प्रथा खत्म करने, खेल अकादमी, सड़क व लाइट व्यवस्था सुधारने और स्थानीय लोगों को वेंडरशिप देने की मांग दोहराई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन और उग्र होगा।

### रामलला प्राणप्रतिष्ठा दिवस पर मंदिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन

# भक्तिमय हुआ पर्णकुटी श्रीराम मंदिर

- गांव-गांव से लाई गई घास से बनाई कुटिया की छत
- हवन-पूजन व रामायण पाठ से भक्तिमय हुआ माहौल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 24 जनवरी।** अयोध्या में भगवान श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दंतेवाड़ा में अनूठा रामोत्सव मनाया गया। डंकनी नदी तट स्थित पर्णकुटी श्रीराम मंदिर में भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ।

सुबह मां दंतेश्वरी व भगवान श्रीराम की पूजा विधि-विधान पूर्वक की गई। इसके बाद जिले भर से आई रामायण मंडलियों ने भजन व रामचरित मानस की चौपाइयों से माहौल राम भक्तिमय बनाए रखा। शक्तिपीठ दंतेश्वरी मन्दिर के सामने डंकनी नदी के तट पर हुए इस आयोजन में सभी समाजों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक उपस्थित होकर सामाजिक समरसता का परिचय दिया।

### बाढ़ में भी अडिग रहे श्रीराम

घास-फूस से व लकड़ियों से तैयार छप्पर वाले इस मंदिर में बीते साल विभिन्न गांवों में निवासरत बस्तर धाकड़, राजपूत, क्षत्रिय समाज के सामाजिक सदस्यों ने एक-एक गट्ठा घास काटकर जन सहयोग किया था। लेकिन 25 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ से कुटिया तो बह गई, लेकिन श्रीराम जी की आदमकद लेकिन वजन में हल्की प्रतिमा चमत्कारिक ढंग से टस से मस नहीं हुई। मन्दिर समिति सदस्यों ने फिर से जन सहयोग द्वारा सुंदर पर्णकुटी मन्दिर का निर्माण कर लिया, जहां 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।

### मंडलियों को किया सम्मानित

हवन व प्रसाद वितरण उपरांत सभी मानस मंडलियों को श्रीराम चरित मानस ग्रन्थ भेंट कर सम्मानित किया गया। दंतेवाड़ा, बालूद, समलूर, गुमडा, बालपेट, पेंटा, कटेकल्याण, मुरकी, पन्डेवार, हउरनार, बड़े गुडरा, रोंजे, कासोली, फरसपाल, आलनार समेत जिले के विभिन्न गांवों से भी लोगों ने रामचरितमानस पाठ और पूजन में सहभागिता निभाई।

## विद्युत सुरक्षा, जन-जागरूकता एवं विभागीय समन्वय से मानव-हाथी द्वंद्व नियंत्रण पर जोर

# हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जानमाल की सुरक्षा के लिए जन जागरूकता जरूरी:कलेक्टर

**रायगढ़, 24 जनवरी ।** जिले में जंगली हाथियों की सुरक्षा तथा मानव-हाथी द्वंद्व के कारण होने वाली जन-धन की क्षति को रोकने के उद्देश्य से वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने की। बैठक में रायगढ़ वनमण्डलाधिकारी श्री अरविंद पी.एम., धरमजयगढ़ वनमण्डलाधिकारी श्री जितेन्द्र उपाध्याय, उप मंडलाधिकारी रायगढ़ श्री तन्मय कौशिक, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम सहित वन, राजस्व, पुलिस, विद्युत, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने कहा कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जनहानि की रोकथाम जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इस दिशा में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने, ग्रामीण स्तर पर कोटवारों को सतर्क रखने तथा सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ सतत रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में हाथी प्रभावित वन एवं ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरने वाली विद्युत लाइनों को मानक ऊंचाई पर संधारित रखने, नीचे झूल रहे तारों को दुरुस्त करने तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने विद्युत सुरक्षा से संबंधित कार्यों में सतर्कता बरतने एवं आवश्यक सुधार समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने फसल, संपत्ति एवं अन्य क्षति के मामलों में त्वरित सर्वेक्षण, आकलन एवं समयबद्ध मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने, राजस्व अमलों को मौके पर निरीक्षण कर आवश्यक दस्तावेज समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। मृत्यु प्रकरणों में मुआवजा भुगतान में विलंब न हो, इसके लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट की स्पष्टता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सकों को आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। बैठक में हाथी मूवमेंट वाले मार्गों एवं सड़कों पर ट्रैफिक नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने के लिए पुलिस विभाग की सक्रिय भूमिका पर विचार किया गया। इसके साथ ही अवैध शिकार एवं वन उपज के अवैध परिवहन पर निगरानी रखते हुए नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कृषि कार्य के दौरान विद्युत सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई।

बैठक में कृषकों को सुरक्षित एवं स्थायी विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने, विद्युत विभाग को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा किसानों को विद्युत सुरक्षा संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक करने पर सहमति व्यक्त की गई, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही हाथी गतिविधियों की निगरानी हेतु टेक्नोलॉजी आधारित उपाय अपनाने, समय पर सूचना तंत्र को सुदृढ़ करने तथा मुआवजा प्रकरणों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। बैठक में हाथी प्रभावित क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों से धान का त्वरित उठाव सुनिश्चित करने तथा समन्वित प्रयासों से मानव-हाथी द्वंद्व की घटनाओं को न्यूनतम करने पर सहमति व्यक्त की गई।

# आंतरिक शिकायत समिति गठित नहीं करने वाले 17 महाविद्यालयों के प्राचार्यों को नोटिस

**रायगढ़, 24 जनवरी ।** कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। ऐसे सभी कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थान, जहाँ 10 या उससे अधिक अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं, वहाँ आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। इसके बावजूद जिले के 17 महाविद्यालयों में समिति का गठन नहीं किए जाने पर संबंधित प्राचार्यों को नोटिस जारी किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर द्वारा प्रकरणों की समीक्षा के पश्चात सभी प्राचार्यों को 03 दिवस के भीतर आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न रोकने के लिए प्रत्येक कार्यालय जहां 10 या 10 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां पर आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। समिति का गठन नहीं करने या असफल रहने पर अधिनियम की धारा 26 के अंतर्गत 50 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है। इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पारित आदेश पिटिशन क्रमांक 1244/2017 के निर्देश दिनांक 13.12.2024 तथा छ.ग.महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक संस्थान में जहां 10 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं।

## एक नजर

### पतरापाली वार्ड में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 24 जनवरी ।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत पतरापाली वार्ड में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के नवीन संचालन एजेंसी की नियुक्ति की जानी है। जिसके लिए 2 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि दुकान संचालन हेतु इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र में पंजीयन प्रमाण-पत्र के साथ नियत तिथि तक कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पष्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला, जिले के पंजीकृत आवेदकों के लिए साक्षात्कार 31 जनवरी को

**रायगढ़, 24 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के तत्वावधान में आगामी 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार (रायपुर) में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 15 हजार रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा की जाएगी। रोजगार मेले में अधिसूचित रिक्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट https://erojgar.cg.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदकों के लिए विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी प्रदान की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ जिले से अब तक 2870 आवेदकों का सफलतापूर्वक पंजीयन हो चुका है। जिले के पंजीकृत आवेदकों के लिए साक्षात्कार की तिथि 31 जनवरी 2026 को निर्धारित की गई है। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक पात्र एवं इच्छुक आवेदकों से कहा है कि वे निर्धारित तिथि को रोजगार मेले में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग लें एवं इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर सभी संस्थानों में शपथ दिलाई गई



**महासमुंद 24 जनवरी ।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर जिले में शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रम, स्कूल-कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में मतदान के अधिकार, कर्तव्य और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी एवं जागरूक किए जाने हेतु संकल्प एवं शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर सभी संस्थानों में मतदाताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव में भाग लेने तथा धर्म, जाति, भाषा आदि किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करने का संकल्प लिया। विद्यालयों और महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए वाद-विवाद, निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली और गीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को मतदाता की शपथ दिलाकर लोकतंत्र के प्रति उनके दायित्वों एवं अधिकारों को समझने और आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर नए मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए गए और बूथ-लेवल अधिकारियों, हेल्प-डेस्क मैनेजर्स तथा अन्य कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया।

### 25 जनवरी को धमतरी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

**धमतरी, 24 जनवरी ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 25 जनवरी 2026 को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 56-सिहावा, 57-कुरूद एवं 58-धमतरी के सभी मतदान केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा नए मतदाताओं का स्वागत करते हुए उन्हें मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष की थीम (मेरा भारत, मेरा वोट) निर्धारित की गई है।

इस अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 25 जनवरी 2026 को सुबह 11:00 बजे बी.सी.एस. शासकीय महाविद्यालय, धमतरी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नए मतदाताओं को स्वागत बैज पहनाकर सम्मानित किया जाएगा तथा उपस्थित मतदाताओं को लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों की शपथ दिलाई जाएगी।

# बहादुरी की मिसाल बने राकेश मिंज और आर्यन खेस

## राज्य वीरता पुरस्कार से होंगे सम्मानित





**रायगढ़, 24 जनवरी ।** जिले के दो होनहार बालक मास्टर राकेश मिंज एवं आर्यन खेस ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए एक मासूम की जान बचाकर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर दोनों बच्चों का नाम राज्य वीरता पुरस्कार के लिए प्रस्तावित किया गया था, जिसे शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। अब दोनों वीर बालकों को 26 जनवरी को राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दोनों को 25 हजार रुपए की राशि, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने दोनों बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री एल.आर.कच्छप ने बताया कि 24 सितंबर 2025 को एक 05 वर्षीय बालक दादू मिंज पानी में डूब रहा था। समय रहते राकेश और आर्यन ने साहस दिखाते हुए उसे पानी से बाहर निकाला। बालक के पेट में पानी भर जाने के कारण उसकी हालत गंभीर थी, लेकिन दोनों ने सूझबूझ से पेट दबाकर पानी निकाला और उसकी जान बचाई।

# जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर सतत निगरानी

**महासमुंद 24 जनवरी ।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पूर्णतः पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा समस्त संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध परिवहन, भंडारण अथवा विक्रय को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में राजस्व, मंडी, खाद्य, सहकारिता एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 01 नवम्बर 2025 से 23 जनवरी 2026 तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय, राईस मिल भौतिक सत्यापन से संबंधित कुल 414 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें कुल 130577 क्विंटल धान जप्त किया गया है।



कार्रवाई में धान संबंधित अवैध गतिविधियों के 376 प्रकरण शामिल है। इसी तरह 36 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें अनियमितता पाए जाने पर जप्ती की कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त 8 राइस मिलों में भौतिक सत्यापन के दौरान धान की कमी पाए जाने पर पृथक से प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसी तरह समितियों के भौतिक सत्यापन के दौरान 02 जप्त प्रकरण एवं एक धान कमी मात्रा से संबंधित प्रकरण दर्ज किया गया है।

कलेक्टर के निर्देशन में की गई इन कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप जिले में कुल 414 जप्त प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें संयुक्त टीम द्वारा अब तक कुल 130577.83 क्विंटल धान जप्त किया गया है। इसमें से जांच उपरांत 109298.64 क्विंटल धान वैध धान मालिकों को सुपुर्द किया गया है। वहीं 19301.99 क्विंटल धान पुलिस थाना एवं अन्य सक्षम प्राधिकरणों को सौंपा गया है तथा 1,977.20 क्विंटल धान के संबंध में नियमानुसार अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने निर्देश दिए हैं कि जिले के प्रमुख मार्गों, अंतर्राज्यीय जांच चौकियों, राइस मिलों एवं धान उपार्जन केंद्रों पर निरंतर निरीक्षण एवं निगरानी बनाए रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए ।

# गणतंत्र दिवस के पूर्व मिनी स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल

**महासमुंद 24 जनवरी ।** गणतंत्र दिवस के लिए आज कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार की मौजूदगी में गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। पूर्वाभ्यास में रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप के नेतृत्व में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी एनएसएस की कुल 10 टुकड़ियों ने परेड की सलामी दी। रिहर्सल सुबह 9 बजे स्थानीय मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे।



मिनी स्टेडियम में रिहर्सल सुबह 9.00 बजे शुरू हुई। आज फुल ड्रेस रिहर्सल में 6 स्कूलों द्वारा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दिया गया। आज उनकी भी अंतिम रिहर्सल की गई। समारोह में 16 स्कूलों के लगभग 1000 बच्चों द्वारा एरोबिक्स जुंबा पीटी प्रदर्शन होगा। साथ ही पुलिस विभाग द्वारा नाटिका कहो नशे को अलविदा की प्रस्तुति विशेष आकर्षण होगा।इसके अलावा 13 विभागों की जीवंत झांकी निकाली जाएगी। शहीद के परिजनों का सम्मान व उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने तैयारी का जायजा भी लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इन विभागों की निकलेगी जीवंत झांकी वन विभाग,शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग,महिला बाल विकास ,उद्यानिकी विभाग,जल संसाधन मछली पालन,आदिवासी विभाग,पशुपालन,पीएचई क्रेडा/ विद्युत,कृषि विभाग और खाद्य विभाग की झांकी निकलेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अक्षा गुप्ता, तहसीलदार एवं जिला अधिकारी - कर्मचारी मौजूद थे।ज़िला मुख्यालय के मुख्य समारोह में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज जिले में 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस) पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर ज़िला मुख्यालय महासमुंद के मुख्य समारोह में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में प्रातः 9:00 बजे शुरू होगा। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने यहां सभी तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

# 1 फरवरी को दो पालियों में होगी छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा

**धमतरी, 24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आगामी 01 फरवरी 2026 को छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा निर्देश पर परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है।

अपर कलेक्टर श्री पवन प्रेमी ने जानकारी देते हुए बताया कि, परीक्षा की प्रथम पाली (प्राथमिक स्तर) में 5039 अभ्यर्थी तथा द्वितीय पाली (उच्च प्राथमिक स्तर) में 3481 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। जिले में कुल 48 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें प्रथम पाली के लिए 16 एवं द्वितीय पाली के लिए 32 केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से प्रारंभ होगी।

# कलेक्टर के निर्देश पर अवैध धान भंडारण पर बड़ी कार्रवाई

## 3116 क्विंटल चावल शासन को जमा नहीं करने पर राइस मिल सील, एफआईआर दर्ज



**धमतरी, 24 जनवरी ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशा पर जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बीते 21 जनवरी को राजस्व, खाद्य, मंडी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत दर्री स्थित रामसेवक एंड संस फर्म में चावल सत्यापन हेतु जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि फर्म द्वारा कस्टम मिलिंग वर्ष 2024-25 के अंतर्गत एफसीआई एवं नागरिक आपूर्ति निगम में कुल 7881.18 क्विंटल चावल जमा किया गया है, जबकि 3116.08 क्विंटल चावल शासन को जमा करना शेष है। इसके अतिरिक्त मिल परिसर में भौतिक सत्यापन के दौरान ढेर में संग्रहित लगभग 60 कट्टा धान एवं 23 बोरी रिजेक्शन (खराब) चावल पाया गया।

अनियमितता पाए जाने पर कार्यपालिक दंडाधिकारी धमतरी की उपस्थिति में रामसेवक एंड संस फर्म को आगामी आदेश तक सील कर दिया गया। शासन को जमा किए जाने वाले शेष चावल की अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 33 लाख 99 हजार 144 रुपये आंकी गई है।

फर्म संचालक प्रकाश पांडेय द्वारा छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन किए जाने एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध पाए जाने पर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।इस कार्रवाई के दौरान धमतरी तहसीलदार कुसुम प्रधान, खाद्य निरीक्षक नीलेश चंद्राकर, मंडी निरीक्षक तथा जिला प्रबंधक अधिकारी उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस ने किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**मोहला, 24 जनवरी ।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के 22वें दिन यातायात पुलिस मोहला द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के साथ-साथ समाज सेवा को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक श्री वाय.पी.सिंह ने स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए और सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत हेलमेट वितरित किए। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान एक जीवनदाता कार्य है और सड़क सुरक्षा का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ÷सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा एक साथ चलने वाला मिशन है, इसलिए हेलमेट का उपयोग और यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री देव चरण पटेल और डीएसपी मुख्यालय मोहला श्रीमती नेहा पवार के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी श्री शेषनारायण देवांगन एवं उनकी टीम द्वारा शिविर का संचालन किया गया। शिविर में अपना ब्लड बैंक, रायपुर की टीम ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान कुल 105 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 72 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और हेलमेट वितरण के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित नागरिकों को यातायात नियमों के पालन हेतु भी प्रशिक्षित किया गया।

### राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण की दिशा में जिले की उपलब्धि

**मोहला, 24 जनवरी ।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजाडेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी श्री जीतेन्द्र भुआर्य, चिखली से सुश्री लष्मी साहू, सिंघाभेड़ी से कामिनी बंजारे एवं केंवटटोला से प्रियंका ताराम को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण हेतु चयनित किए ।

# केलो परियोजना बनी रायगढ़ की जीवन रेखा, कृषि विकास और जल सुरक्षा को मिली नई मजबूती

**रायगढ़, 24 जनवरी ।** रायगढ़ जिले की जीवनदायिनी केलो वृहद सिंचाई परियोजना आज जिले के कृषि आधारित विकास, जल सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि की मजबूत रीढ़ के रूप में स्थापित हो चुकी है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने 5जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में केलो परियोजना की समीक्षा बैठक लेकर प्रभावित ग्रामों के प्रमुखों से सकारात्मक संवाद किया तथा परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने भू-अर्जन एवं पुनर्वास से संबंधित मुआवजा वितरण को मिशन मोड में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रभावित ग्रामों के प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने परियोजना से जुड़े सभी प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया।

विभागीय अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि केलो वृहद सिंचाई परियोजना को शासन



से तृतीय पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। परियोजना की वर्तमान स्वीकृत लागत 1182.90 करोड़ रुपए है, जिससे शेष कार्यों को तीव्र गति मिली है। परियोजना अंतर्गत बांध, नहर एवं पुनर्वास के लिए कुल 2548 हेक्टेयर भूमि में से 2517 हेक्टेयर भूमि का अर्जन पूर्ण कर लिया गया है, जो लगभग 99 प्रतिशत है। अर्जित भूमि के बदले अधिकांश प्रभावित हितग्राहियों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है।

केलो बांध के डूबान क्षेत्र से विस्थापित सभी परिवारों को पुनर्वास ग्रामों में निःशुल्क आवासीय भू-खंड, सड़क, बिजली एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ सुव्यवस्थित रूप से बसाया गया है। 01 जनवरी 2014 के बाद पारित भू-अर्जन प्रकरणों में लगभग 90 प्रतिशत पुनर्वास अनुदान का भुगतान पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष राशि का वितरण निरंतर जारी है।निर्माण कार्यों की प्रगति पर नजर डालें तो परियोजना अंतर्गत 1295 मीटर लंबा एवं 24.22 मीटर ऊँचा स्पील-वे बांध, 142.90 मीटर तथा शेडल-2 बांध का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। कुल 311.945 किलोमीटर नहरों में से 252.36 किलोमीटर नहरों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। 85 लघु नहरों में से 29 का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, जबकि शेष नहरों का निर्माण कार्य तेज गति से प्रगति पर है। केलो वृहद सिंचाई परियोजना के माध्यम से रायगढ़, खरसिया एवं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के कुल 164 ग्रामों की 21225 हेक्टेयर कृषि भूमि को खरीफ फसल हेतु सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में 18515 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित की जा चुकी है, जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है।केलो बांध से रायगढ़ शहर एवं आसपास के क्षेत्रों को पेयजल एवं निस्तार हेतु सतत जल प्रदाय किया जा रहा है। इसके लिए बांध में 4.44 मि.घ.मी. जल का प्रावधान रखा गया है। साथ ही क्षेत्र के औद्योगिक संस्थानों को भी जल आबंटन किया गया है, जिससे औद्योगिक विकास को भी बल मिला है। बांध निर्माण के बाद क्षेत्र में भू-जल स्तर में निरंतर सुधार दर्ज किया गया है।

इसके अतिरिक्त, रायगढ़ जिला मुख्यालय से मात्र 8 किलोमीटर की दूरी पर पर्यटन सह पर्यावरणीय उद्यान का विकास किया गया है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिला है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। वर्ष 2015 से केलो बांध में प्रारंभ मत्स्य उत्पादन के माध्यम से अब तक 214 परिवारों को आजीविका का स्थायी साधन प्राप्त हुआ है। इस प्रकार, केलो वृहद सिंचाई परियोजना रायगढ़ जिले के लिए केवल एक सिंचाई योजना नहीं, बल्कि कृषि समृद्धि, जल सुरक्षा, रोजगार और सतत विकास की जीवनरेखा बनकर उभर रही है।

## एक नजर

### अनियमितता पर प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** फर्जी तरीके से धान खरीदी कर गडबड़ी करने वाले प्रभारी समिति प्रबंधक पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसा ग्राम खरतोरा धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारी समिति प्रबंधक दुर्गेश कुमार गेण्ड्रे द्वारा दिनांक 21जनवरी .2026 को अपने बड़े भाई सुरेन्द्र कुमार गेण्ड्रे के नाम पर जारी टोकन के आधार पर बिना धान लाये 53 कट्टा कुल 21.20 क्विंटल सरना धान मूल्य 50222.50 रूपये को फर्जी तरीके से तौल पत्रक जारी कर ऑनलाईन प्रविष्टि एवं आंनलाईन भुगतान की प्रविष्टि कराया गया है। दुर्गेश कुमार गेण्ड्रे द्वारा अपने पदीय अधिकारी एवं दायित्वों का दुरूपयोग करते हुए धान खरीदी निति में उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत फर्जी धान का आपक लेकर एण्ट्री कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाले दुर्गेश कुमार गेण्ड्रे के विरूद्ध पुलिस थाना पलारी में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### मड़ई-मेला का आयोजन 25 को

**तिल्दा नेवरा 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भुरसुदा में कल मड़ई मेला का आयोजन किया गया था। मड़ई मेला के दौरान कल शुक्रवार देर शाम भूरसूदा स्थित रणबौर मेला ग्राउंड में मामूली बात पर कुछ लड़कों ने मिलकर एक युवक की चाकू मार कर हत्या कर दिया है। हत्या के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। हत्या की सूचना पर तिल्दा नेवरा पुलिस टीम तत्काल आरोपियों की खोज बिन में जुट गई। पुलिस टीम को सूचना मिली जिसके बाद सभी आरोपियों को घेरेबंदी कर पकड़ने में पुलिस टीम को सफलता मिल गई। नेवरा पुलिस सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले आई है और पूछताछ कर रही है। वही दूसरी ओर तिल्दा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत राइखेड़ा में रात्रि मेला मड़ई कार्यक्रम के बाद रात्रि नाइट प्रोग्राम के दौरान मामूली बात पर बदमाशो ने पंच पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया है।

### जिला स्तरीय समन्वयक एवं एमआईएस सहायक के पद के लिए 1 फरवरी तक आवेदन

**राजनांदगांव 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तर पर जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक - वन अधिकार अधिनियम) के एक पद तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर एमआईएस सहायक (सहायक - वन अधिकार अधिनियम) के एक पद की व्यवस्था निर्धारित मानदेय पर एक वर्ष की अवधि के लिए की गई है। जिला स्तरीय समन्वयक एवं एमआईएस सहायक के पद के लिए इच्छुक एवं योग्य आवेदक 1 फरवरी 2026 शाम 5 बजे के पूर्व कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव छत्तीसगढ़ पिन कोड 491441 पर रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने के पूर्व रोजगार पंजीयन कराना अनिवार्य

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी के पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा।

### निधन

#### सुहासिनी पाठक



**डोंगरगढ़।** स्थानीय तहसील में स्टांप वेंडर अर्जी नवीस सुजीत पाठक एवं शिक्षक संजय पाठक की माता श्रीमती सुहासिनी पाठक का आकस्मिक निधन हिंगणघाट महाराष्ट्र में हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा से दोपहर 3 बजे हिंगणघाट महाराष्ट्र में निकाली गयी 7 हिंगणघाट मुक्तिधाम में अंत्येष्टि की गयी 7 वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। उनके निधन पर महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज तहसील अर्जीनवीस संघ विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# नालंदा परिसर फेज-2 में पढ़ने वाले युवा गढ़ेंगे अपनी सफलता का नया इतिहास : अरुण साव

**रायपुर, 24 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज बसंत पंचमी के दिन रायपुर में नए नालंदा परिसर का भूमिपूजन किया। एनआईटी के सामने जीई रोड के किनारे 21 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से इस 1017 सीटर नालंदा परिसर फेज-2 का निर्माण किया जा रहा है। इससे शहर में उच्च शिक्षा हासिल कर रहे तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को तैयारी का अच्छा माहौल मिलेगा। उन्हें ऑनलाइन तथा ऑफलाइन लाइब्रेरी के साथ ही अच्छी गुणवत्ता की अध्ययन सामग्री भी मिल सकेगी। वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायकगण सर्वश्री राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा तथा रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे भी भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुईं।



उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को बसंत पंचमी की बधाई दी। उन्होंने भारतमाता के वीर सपूत नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर फेज-2 में आने वाले विद्यार्थियो को माता सरस्वती की कृपा प्राप्त होगी। श्री साव ने कहा कि नालंदा परिसर फेज-2 इस बात का उदाहरण है कि श्री विष्णु देव साय की सरकार युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए सभी संसाधन मुहैया कराने के लिए तत्पर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्तमान में संचालित नालंदा परिसर की तरह ही यह नया परिसर भी युवाओं के लिए बहुत लाभप्रद होगा और यहां अध्ययन करने वाले युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का नया इतिहास गढ़ेंगे। श्री साव ने कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों को चेक भी वितरित किए।

वन एवं पर्यावरण तथा रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि आज बसंत पंचमी के शुभ और पावन अवसर पर राज्य सरकार की ओर से राजधानीवासियों को शानदार सौगात मिल रही है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के नेतृत्व में तथा स्थानीय विधायक श्री राजेश मूणत की लगातार कोशिशों के परिणाम शहर को मिल रहे हैं। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री राजेश मूणत ने नालंदा परिसर फेज-2 के निर्माण के लिए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस एजुकेशन हब में हम शिक्षा का विकास करने का संकल्प पूरा करेंगे। यहां चारों ओर शिक्षण संस्थाएं हैं। पिछले दो सालों में रायपुर शहर सहित पूरे छत्तीसगढ़ का अच्छा विकास हुआ है। निर्माण और विकास के कार्यों में तेजी आई है। रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि यह जगह शहर का हृदय स्थल है और यहां चारों ओर बड़ी शिक्षण संस्थाएं हैं। इन संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को नए नालंदा परिसर का भरपूर लाभ मिलेगा। यह उनके कैरियर के निर्माण में बहुत उपयोगी साबित होगा। रायपुर नगर निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप ने बताया कि 21 करोड 7 लाख रुपए की लागत से बनने वाले 1017 सीटर नालंदा परिसर फेज-2 में 90 सीटों वाला व्याख्यान कक्ष भी रहेगा जो किराए पर उपलब्ध रहेगा।

### मुख्यमंत्री ने गुजरात के अध्ययन भ्रमण से लौटे महिला पत्रकारों के दल से की मुलाकात

# महिला पत्रकार अपने साहस से कर रहीं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूतः सीएम

**रायपुर, 24 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गुजरात के अध्ययन भ्रमण से लौटे महिला पत्रकारों के दल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महिला पत्रकार अपने साहस से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत कर रही हैं। मैं उन सभी महिलाओं के साहस को नमन करता हूं जो पत्रकारिता जैसे चुनौतीपूर्ण पेशे में रह कर समाज में सकारात्मक योगदान दे रही हैं।

मुख्यमंत्री को महिला पत्रकारों के दल ने गुजराती अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर पहली बार छत्तीसगढ़ से महिला पत्रकारों के दल को अन्य राज्य के अध्ययन भ्रमण पर भेजने के लिए उनका आभार जताया। महिला पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए कहा कि विगत वर्ष महिला दिवस पर उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष महिला पत्रकारों को भी अध्ययन भ्रमण पर भेजे जाने की इच्छा व्यक्त की थी। उन्हें बहुत खुशी है कि मुख्यमंत्री ने उन सभी की इस इच्छा को पूरा किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं से चर्चा के दौरान कहा कि इस अध्ययन भ्रमण के दौरान आप सभी ने गुजरात विधानसभा, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, राजकोट, पोरबंदर सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को समझा है। आने वाले समय में ये अनुभव आपकी कलम को और भी समृद्ध करेगा, जिसका लाभ पत्रकारिता जगत के साथ ही आपके पाठकों भी मिलेगा।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार का यह तीसरा वर्ष है। इस वर्ष को हम महतारी गौरव वर्ष के रूप में मना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने महिला पत्रकारों से उनके अध्ययन भ्रमण के अनुभवों को किताब के रूप संजोने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह ना सिर्फ आपके लिए इस भ्रमण को हमेशा के लिए यादगार बनाएगा बल्कि अन्य लोग भी आपकी किताब को पढ़कर गुजरात के बारे में अपनी जानकारी बढ़ा सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात एक समृद्ध और मॉडल राज्य है। गुजरात की एक खासियत यह भी है कि वहां सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। अमूल सहकारिता का एक जीवंत उदाहरण है, जिसमें मुख्यतः महिलाएं शामिल है। छत्तीसगढ़ में भी हम सहकारिता को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी देश के सहकारिता मंत्री भी हैं। उनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में भी सहकारिता के लिए बहुत कार्य हो रहा है। सहकारिता इस बात का प्रतीक है कि मिलकर करने से बड़ा काम भी आसान होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हम सभी प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण कर रहे हैं। मंत्रालय में अब ई-फाइल प्रणाली लागू है। मुख्यमंत्री श्री साय ने महिला पत्रकारों से अपनी गुजरात यात्रा के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि गुजरात का सीएम डैशबोर्ड देश का सबसे एडवांस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम है जिसके माध्यम से एक जगह बैठकर ही पूरे प्रदेश पर नजर रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के विकास की नींव रखी थी, हम गुजरात जैसी व्यवस्थाओं को यहां भी लागू कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री से महिला पत्रकारों ने गुजरात अध्ययन भ्रमण के अनुभवों को साझा किया। सुश्री निशा द्विवेदी ने कहा कि इस टूर के माध्यम से उन्हें गुजरात के समृद्ध इतिहास और संस्कृति से रुबरू होने का अवसर मिला। सुश्री दामिनी बंजारे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके 8 वर्षों के पत्रकारिता के करियर में पहली बार है जब महिलाओं का दल अध्ययन भ्रमण पर गया है। कोरिया की सुश्री नूरजहां ने बताया कि यह पहली बार है जब महिलाओं को इस रूप में प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी महिला पत्रकारों को ये मौका मिलता रहेगा।

मुख्यमंत्री को महासमुंद की पत्रकार सुश्री उत्तरा विदानी ने बताया कि गुजरात विधानसभा के भ्रमण में बहुत अच्छा लगा। वहां की खास बात यह देखने को मिली कि बच्चों सहित आमजन को विधानसभा की कार्यवाही को सुगमता से देखने का अवसर दिया जाता है। दुर्ग की पत्रकार सुश्री कोमल धनेसर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में 25 वर्षों में यह पहला अवसर है जब महिला पत्रकारों को ऐसा मौका मिला है। उन्होंने कहा कि जब हम भ्रमण पर निकले थे तो बहुत सारे अनजाने चेहरे थे और लौटे हैं तो नए दोस्त और नई बॉन्डिंग के साथ।

रायपुर की पत्रकार सुश्री नेहा श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को बताया कि हम सभी पत्रकार अलग- अलग संस्थानों में काम करते हैं। व्यस्तता की वजह से हमारी बात नहीं हो पाती।

# संयुक्त जांच टीम ने किया 227 क्विंटल अवैध धान जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 जनवरी।** संयुक्त जांच टीम ने फुटकर व्यापारी एवं कोचिये की दुकानों में दबिश देकर 227 बोरी अवैध धान जब्त किया। जब्तशुदा धान को ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील लवन अंतर्गत ग्राम करदा के फुटकर व्यापारी पंचराम पिता बिसाहू के दुकान से 37 बोरी धान अवैध रूप से पाये जाने पर जब्त कर ग्राम के पंच बोधराम को सुपुर्द किया गया।ग्राम भालूकोना के फुटकर व्यापारी विमल साहू पिता लक्ष्मण साहू के दुकान एवं गोदाम से 162 बोरी धान अवैध रूप से पाये जाने पर जब्त कर ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया।

इसीतरह तहसील पलारी में 8 कोचिंया के दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें ग्राम औरासी के यादव प्रसाद वर्मा के दुकान से 28 बोरी अवैध धान जब्त कर ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में दिया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण सहित बिचौलियों पर सखूती से कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही धान का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है जिसमें कम धान मिलने पर अतिरिक्त रकबा को समर्पण कराया जा रहा है।

# जिले में धान की खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष का माहौल

■ **अब तक जिले में 116456 पंजीकृत किसानों से 1378 करोड़ 83 लाख 24 हजार रूपए मूल्य का 5808033.20 क्विंटल धान की खरीदी**

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष का माहौल है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 116456 पंजीकृत किसानों से 1378 करोड़ 83 लाख 24 हजार रूपए मूल्य का 5808033.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1768631.80 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

# संवाद की क्षमता किशोरों के भविष्य निर्माण में सहायक : कलेक्टर

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव की उपस्थिति में किशोरावस्था के दौरान शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर अभिभावकों की सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में संवाद संस्कार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने सकारात्मक पेरेंटिंग एवं सशक्त युवा विषय पर कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से अभिभावकों की समझ विकसित होगी। जिसका लाभ आने वाले वर्षों में दिखेगा और संवाद की क्षमता किशोरों के भविष्य निर्माण में सहायक होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि युवा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के राज्य नोडल प्रभारी एवं सर्वहितम के अध्यक्ष श्री मनीष सिंह ने किशोरावस्था के चार आयाम अधिकार, कर्तव्य, सहभागिता और अवलोकन पर बात की। उन्होंने कहा कि विद्यालय, परिवार और समुदाय के बीच समन्वय से ही बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को मजबूत किया जा सकता है। यूनिसेफ के राज्य एसबीसी कंसल्टेंट श्री चंदन कुमार ने किशोरों के समग्र विकास में परिवार एवं समुदाय की भूमिका के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में पढ़ाई का कोना एवं आज क्या सीखा गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में यूनिसेफ डीसी सुश्री दिव्या राजपूत, स्टेट कॉर्डिनेटर श्री राघवेन्द्र सिंह सहित शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, एनएसएस, माई भारत एवं युवोदय स्वयंसेवक की सक्रिय सहभागिता रही।

# धोखाधड़ी करने वाले 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 24 जनवरी।** लटुवा रोड पुलिया के पास बलौदाबाजार के पास विभिन्न शारीरिक परेशानियों का शर्तिया इलाज करने के नाम पर महालक्ष्मी दवाखाना आयुर्वेदिक कैंप लगाने वाले आरोपियों से, 10/2025 माह में प्रार्थी कमल साहू निवासी ग्राम खैरा (पाटन) की मुलाकात हुई। आरोपियों द्वारा प्रार्थी के खेत में सोने चांदी के आभूषण का हंडा गड़ा होने एवं उसे निकालने के लिए पूजा पाठ करने का झांसा देकर प्रार्थी से पूजा पाठ के नाम पर ?13,74,000 नगदी एवं लगभग एक तोला सोने का आभूषण लेकर धोखाधड़ी किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 51/2026 धारा 318(4),61(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए ठगी करने वाले दोनों आरोपियों का पता तलाश प्रारंभ किया गया तथा जामगांव थाना नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर से प्रकरण में संलिप्त एक विधि से संघर्षरत बालक सहित 03 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से सोने चांदी का हंडा गड़ा होने एवं उसे निकालने के लिए पूजा पाठ करने का झांसा देकर लाखों रुपए नगदी एवं सोने चांदी का आभूषण लेकर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण की विवेचना क्रम में आरोपियों से ?4,80,000 नगदी रकम, सोने के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त कार ष्टत्11 श्व4500 जप्त किया गया है तथा तीनों आरोपियों को आज दिनांक 23.01.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



### रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ

# गणतंत्र के अमृतकाल में साहित्य उत्सव का आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक

**रायपुर 24 जनवरी।** राजधानी रायपुर के नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन परिसर में आज रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह राज्यसभा के उप सभापति श्री हरिवंश के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री विष्णु श्री देव साय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह का आयोजन विनोद कुमार शुक्ल मंडप में किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा की कुलपति डॉ. कुमुद शर्मा तथा सुप्रसिद्ध रंगकर्मी एवं अभिनेता मनोज जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा, वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय तथा छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




उद्घाटन अवसर पर अतिथियों के करकमलों से छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आधारित पुस्तिका, एक कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ राज्य के साहित्यकार, जे. नंदकुमार द्वारा लिखित पुस्तक नेशनल सेल्फहुड इन साइंस, प्रो. अंशु जोशी की पुस्तक लाल दीवारें, सफेद झूठ तथा राजीव रंजन प्रसाद की पुस्तक तेरा राज नहीं आएगा रे का विमोचन किया गया।

उप सभापति श्री हरिवंश ने अपने संबोधन की शुरुआत छत्तीसगढ़ के महान साहित्यकार स्वर्गीय विनोद कुमार शुक्ल को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी साहित्य की एक समृद्ध और प्राचीन परंपरा रही है तथा इस प्रदेश ने अपनी स्थानीय संस्कृति को सदैव मजबूती से संजोकर रखा है। रायपुर साहित्य उत्सव के आयोजन में अत्यंत रचनात्मक दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने कबीर के काशी से गहरे संबंधों का उल्लेख करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के कवर्धा से भी उनका विशेष जुड़ाव रहा है। उप सभापति श्री हरिवंश ने कहा कि एक पुस्तक और एक लेखक भी दुनिया को बदलने की शक्ति रखते हैं। उन्होंने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि साहित्य समाज को दिशा देता है, आशा जगाता है, निराशा से उबारता है और जीवन जीने का साहस प्रदान करता है।

उपसभापति श्री हरिवंश ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भारत आज स्टील, चावल उत्पादन और स्टार्टअप्स के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। देश की आत्मनिर्भरता से दुनिया को नई दिशा मिली है और इस राष्ट्रीय शक्ति के पीछे साहित्य की सशक्त भूमिका रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है और इस पावन भूमि पर तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का शुभारंभ होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने देशभर से आए साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि रायपुर साहित्य उत्सव 2026 साहित्य का एक महाकुंभ है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202601092300001
ब-121 वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका कमला बाई पति रमेश निर्मलकर जाति धोबी, निवासी ग्राम रूवांतला द्वारा अपनी माता प्रेमबती निर्मलकर पति पल्टूराम निर्मलकर की मृत्यु दिनांक 13/06/2004 को ग्राम रूवांतला, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में होने से तथा भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण अपनी माता प्रेमबती निर्मलकर पति पल्टूराम निर्मलकर की मृत्यु दिनांक 13/06/2004 को ग्राम रूवांतला, को दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 28/01/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं केकती बाई पति तानूराम साहू ग्राम रेवाडीह पो.-पेण्ड्री तहसील-जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। मेरे राजस्व अभिलेख ग्राम उरईडबरी तहसील लाल बहादुर नगर में मेरे मायके का नाम देवकी बाई पिता भादूराम साहू एव शाला अभिलेख में अंकित हैं जिसे परिवर्तन कर एवं अब मेरे ससुराल का पूरा नाम केकती बाई KEKTI BAI पति तानूराम साहू TANURAM SAHU के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचना जाने**
**भवदीय**
**(केकती बाई)**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गोविंद नेताम पिता फुलसिंग नेताम ग्राम विष्णुपुर पो.-गातापार कला तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं। मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में दीप्ती नेताम पिता गोविंद नेताम अंकित हैं जिसे परिवर्तन कर एवं अब मेरी पुत्री का पूरा नाम दिप्पी नेताम DIPPI NETAM पिता गोविंद नेताम GOVIND NETAM के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचना जाने**
**भवदीय**
**(गोविंद नेताम)**

## एक नजर

### एसआईआर प्रक्रिया को भाजपा कर रही है दूषित : दीपक बैज

**रायपुर 24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को भाजपा सरकार द्वारा दुर्भावना पूर्वक प्रभावित करके का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सल हिंसा और जवाबी कार्यवाही के चलते दशकों से विस्थापित आदिवासियों को एसआईआर प्रक्रिया में नॉन रेजिडेंस बताकर बिना नोटिस दिए मतदाता सूची से बाहर करना अन्याय है, अत्याचार है। जनप्रतिनिधि अधिनियम 1950 के प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। बस्तर के लाखों आदिवासी आंध्रा और तेलंगाना में रह रहे हैं, निर्वाचन आयोग इन विस्थापितों की सही पहचान करना ही नहीं चाहती इसलिए बिना नोटिस दिए ही उन्हें सीधे मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया है। संसाधनों की लूट और जंगल कटाई से बस्तर के आदिवासी इस सरकार के खिलाफहैं, इस लिए बड़ी संख्या में आदिवासी मतदाताओं को मताधिकार में वंचित करने का षडयंत्र किया जा रहा है।

### गणतंत्र दिवस पर चेम्बर कार्यालय में होगा ध्वजारोहण

**रायपुर 24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने जानकारी दी कि 77वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में सोमवार, 26 जनवरी, 2026 को ठीक प्रात: 9.30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। चेम्बर पदाधिकारियों ने समस्त व्यापारी उद्योगपति बंधुओं से आग्रह किया है कि वे समय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में अवश्य ही उपस्थित होवें।

### भाठागांव में शराब दुकान को हटाने ज्ञापन

**रायपुर 24 जनवरी।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के भाठागांव स्थित देशी-विदेशी शराब दुकानों और अहातों को बंद करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला आबकारी आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जनहित से जुड़ी इस गंभीर समस्या पर चर्चा के बाद जिला आबकारी अधिकारी राजेश शर्मा ने आश्वस्त किया कि अगले महीने भाठागांव रिंग रोड स्थित शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए नए स्थान का टेंडर जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता उद्वेलित, मुख्य मार्ग पर बना रहता है डर का माहौल। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड और भक्त माता कर्मा वार्ड की जनता शराब दुकानों के कारण बेहद परेशान है। भाठागांव बस्ती में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास और वालफोर्ट सिटी के पास मुख्य मार्ग पर संचालित शराब दुकानों व चखना सेंटरों के कारण यातायात पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### अवैध उत्खनन पर सख्ती

# ड्रोन से होगी खदानों की 24×7 निगरानी

**रायपुर 24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में रेत, पत्थर सहित अन्य खनिज खदानों में हो रहे अवैध उत्खनन पर अब कड़ी नजर रखी जाएगी। राज्य सरकार ड्रोन तकनीक के जरिए खदानों की दिन-रात निगरानी करने की योजना लागू करने जा रही है। शिकायत या सूचना मिलते ही ड्रोन से निरीक्षण कर संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई करेगा।

इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम (सीएमडीसी) भारत सरकार के डीजीसीए के अधीन संचालित एजेंसियों से अनुबंध करेगा। ये एजेंसियां ड्रोन कैमरों के माध्यम से खदानों की निगरानी कर अवैध उत्खनन की सूचना सीधे कंट्रोल रूम को देंगी।

**10 से 15 दिनों में निविदा जारी :** सूत्रों के मुताबिक, इसके लिए 10 से 15 दिनों में निविदा जारी की जाएगी। शुरुआती चरण में उन जिलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां रेत और पत्थर की खदानें अधिक हैं।

**ड्रोन से मिलने वाले लाइव फुटेज :** ड्रोन से मिलने वाले लाइव फुटेज और लोकेशन की निगरानी के लिए नवा रायपुर में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। सूचना मिलते ही खनिज विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी।





#### खनन माफिया पर शिकंजा कसने की तैयारी

गौरतलब है कि प्रदेश में अवैध उत्खनन की घटनाएं खासकर रात के समय ज्यादा होती हैं। अब तक की कार्रवाई में कई बार आरोपी फरार हो जाते थे, लेकिन ड्रोन निगरानी से खनन माफिया पर प्रभावी शिकंजा कसने की तैयारी है। रजत बंसल, संचालक, भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग ने बताया कि ड्रोन तकनीक से अवैध उत्खनन रोकने में बड़ी मदद मिलेगी और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई



**रायपुर 24 जनवरी।** स्टेशन चौक युवा सेवा संगठन के अध्यक्ष सोनू शर्मा के नेतृत्व में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई इस अवसर पर पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 1941 में सुभाष चंद्र बोस ने अंग्रेजों की आंख में धूल झोंक कर कलकत्ता से काबुल पेशावर मास्को होते हुए बर्लिन पहुंचे वहां उन्होंने हिटलर से मुलाकात की हिटलर ने उनकी सहायता करने का आश्वाशन दिया नेता जी के आग्रह पर हिटलर ने उन्हें पनडुब्बी से समुद्र के रास्ते जापान भेजा वहां जाकर उन्होंने आजाद हिंद फौजी की स्थापना की इस अवसर पर विधायक कुलदीप जुनेजा, प्रफुल्ल विश्वकर्मा एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, अवतार बागल, दीपक जायसवाल, गिरीश दुबे तथा कुमार मेनन उपस्थित थे युवा सेवा ने सभी को मोमेंटो देकर समान दिया सभा का संचालन किशोर आहूजा ने दिया।

## हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर, 24 जनवरी।** चंदखुरी फार्म शंकर पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टेकारी निवासी मृतक अनिकेत पटेल 22 वर्ष अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी चंदखुरी फार्म स्थित शंकर पेट्रोल पंप के पास हाइवा क्रमांक सीजी 04 क्यूक्यू 5540 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे अनिकेत पटेल की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## शंकराचार्य पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की निंदा



**रायपुर 24 जनवरी।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा विप्र भवन में आयोजित समाज की बैठक में सनातन धर्म के सर्वोच्च गुरु एवं करोड़ों सनातनियों की आस्था के केंद्र जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती तथा उनके बाल बटुकों व बुजुर्ग ब्रह्मचारियों के साथ मौनी अमावस्या के अवसर पर त्रिवेणी संगम, प्रयागराज में स्नान के लिए प्रस्थित होने के दौरान प्रयागराज जिला प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश राज्य के संबंधित अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध रूप से रोका जाना, अभद्रता पूर्ण व्यवहार, बर्बरतापूर्ण कार्यवाही एवं अपमानजनक आचरण की कड़ी निंदा की गई। बैठक में उपस्थित समाजबंधुओं ने सर्वसम्मति से दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं विधिक कार्रवाई की तीव्र मांग की। तदनुसार, उक्त घटना के प्रबल विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन राज्यपाल के कार्यालय, लोकभवन, रायपुर में प्रस्तुत किया गया।

## शांति से ही हो सकती है शक्तिशाली राष्ट्र की स्थापना



**रायपुर 24 जनवरी।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन वृन्दावन हाल, रायपुर में किया गया. जिसमें आचार्य चाणक्य जी के जीवन एवं सिद्धांतों पर व्याख्यान, विप्र सम्मान एवं दर्शकों के लिए धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के सम्मानित विशिष्ट आतिथि संदीप शर्मा, अध्यक्ष - छत्तीसगढ राज्य खाद्य आयोग, वर्णिका शर्मा, अध्यक्ष - राज्य बाल संरक्षण आयोग, शशांक शर्मा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ संस्कृति परिषद, राजेश अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी एवं सम्मानित विद्वान वक्ता उमाशंकर व्यास, वरिष्ठ निदेशक - नवभारत प्रेस, प्रभात मिश्र, कार्य परिषद सदस्य, कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय, ईशान शर्मा, राष्ट्रवादी कवि थे.

अतिथियों का मंच से स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने वर्ल्ड ब्राह्मण फ़ेडरेशन द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यो से अतिथियों एवं सभा को अवगत कराया. कार्यक्रम संयोजक अजय अवस्थी ने आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस की पृष्ठभूमि, ब्राह्मण समाज की भूमिका एवं विषय से अवगत कराया.

कार्यक्रम में आमंत्रित विद्वान वक्ता उमाशंकर व्यास ने कहा कि चाणक्य का दर्शन और सिद्धांत सामाजिक समरसता पर आधारित है. क्षेत्रीयता को लेकर समाज में वैमनस्य पैदा करना उचित नहीं है. इस कार्यक्रम के विशिष्ट आतिथि संदीप शर्मा ने कहा कि चाणक्य ने छोटे-छोटे जनपदों में बंटे भारत को एक सूत्र में पिरोने का सपना देखा था. सांस्कृतिक एकता एवं अखंड भारत का विचार आधुनिक हिंदुत्व का एक प्रमुख स्तंभ है. विशिष्ट अतिथि वर्णिका शर्मा ने कहा कि चाणक्य की नीति 'साम- दाम- दंड- भेद' एवं शांति केवल शक्तिशाली राष्ट्र ही स्थापित कर सकते हैं यह 'सशक्त भारत' और राष्ट्रीय सुरक्षा की नीतियों से मेल खाता है.

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना : बीरगांव में क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ



**रायपुर 24 जनवरी।** नगर निगम बीरगांव में आज प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अवसर पर महापौर नंदलाल देवांगन, नगर निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वशा, नेता प्रतिपक्ष सहित पार्षदगणों की गरिमामयी उपस्थिति में क्रेडिट कार्ड स्कीम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड योजना से जुड़े चेक का वितरण भी किया गया, जिससे उन्हें अपने छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ाने और आजीविका को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स और छोटे व्यापारियों को आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। महापौर नंदलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना गरीब एवं मध्यम वर्गीय व्यापारियों के लिए संजीवनी साबित हो रही है और क्रेडिट कार्ड सुविधा से उनकी आर्थिक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी।

विशेष काव्य-पाठ

महिला साहित्यकारों के विशेष काव्य-पाठ सहित सुरजीत नवदीप मंडप में गूंजा साहित्य, 90 से अधिक रचनाकारों की सहभागिता



ओपन माइक

सुर, शब्द और संवेदना का उत्सव



स्वाद और संस्कृति का संगम

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महक उठा साहित्य



नाटक 'चाणक्य' का मंचन

नाटक 'चाणक्य' का भव्य एवं प्रभावशाली मंचन



शिल्प साधना

आभूषण, हस्तकला और परंपरा ने रचा वैभव



छत्तीसगढ़ की साहित्यिक विरासत का महोत्सव
रायपुर साहित्य उत्सव
आदि से अनादि तक
23-25 जनवरी 2026
नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

शब्द, संवेदना और संस्कार का
महासंगम
" सुरसरि सम सब कहँ हित होई "



23-25 जनवरी 2026
पुरखौती मुक्तांगन, नवा रायपुर

- 120 से अधिक ख्यातिप्राप्त साहित्यकारों की सहभागिता
- 42 साहित्यिक सत्र - विचार, विमर्श और संवाद
- 10 हजार से अधिक पंजीकरण
- साहित्य, पत्रकारिता, सिनेमा, डिजिटल युग और एआई पर विशेष सत्र

उत्सव के मुख्य आकर्षण

- साहित्यिक संवाद
- पुरखा के सुरता
- रजत प्रवाह
- नाटक 'चाणक्य' का मंचन
- राष्ट्रीय पुस्तक मेला
- कवि सम्मेलन
- युवाओं के लिए ओपन माइक
- छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां
- चित्रकला व कार्टून प्रतियोगिता

रामचरितमानस के बालकाण्ड की यह अमर चौपाई जिस लोक-मंगलकारी भावना को रेखांकित करती है, उसी कल्याणकारी चेतना को आत्मसात किए रायपुर की पावन धरा पर साहित्य उत्सव 'आदि से अनादि तक' का भव्य शंखनाद हुआ है। यह आयोजन संवेदना और संस्कार की उस अविरल धारा का अर्पण है, जो गंगा की पवित्र सरिता की भाँति मानवता के अभ्युदय के लिए युगों-युगों से प्रवाहित हो रही है।

नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह ने इस उत्सव को वैचारिक ऊँचाई प्रदान की। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, राज्यगीत और साहित्य उत्सव गीत से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को संस्कार और संवेदना से आलोकित कर दिया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा की कुलपति डॉ. कुमुद शर्मा और सुप्रसिद्ध रंगकर्मी मनोज जोशी की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की सहभागिता ने इसे एक स्मरणीय सांस्कृतिक क्षण बना दिया।

विमोचन और वैचारिक समृद्धि

इस अवसर पर अतिथियों के करकमलों से छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आधारित पुस्तिका, एक कॉफी टेबल बुक, छत्तीसगढ़ राज्य के साहित्यकारों पर केंद्रित प्रकाशन, जे. नंदकुमार की नेशनल सेल्फहुड इन साइंस, प्रो. अंशु जोशी की लाल दीवारें, सफेद झूठ तथा राजीव रंजन प्रसाद की तेरा राज नहीं आएगा रे का विमोचन किया गया। यह क्षण राज्य की साहित्यिक यात्रा और समकालीन रचनात्मकता दोनों का उत्सव बन गया।





साहित्य का महाकुंभ

प्रभु श्रीराम का ननिहाल छत्तीसगढ़ है और इस पावन भूमि पर रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन हम सभी के लिए गर्व का विषय है। देशभर से आए साहित्यकारों और साहित्य-प्रेमियों का स्वागत है। यह उत्सव साहित्य का एक महाकुंभ है। उत्सव के मंडप विनोद कुमार शुक्ल, श्यामलाल चतुर्वेदी, लाला जगदलपुरी और अनिरुद्ध नीरव जैसे महान साहित्यकारों को समर्पित हैं—जिन्होंने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और साहित्य को नई पहचान दी। कविता अन्याय के विरुद्ध प्रतिरोध सिखाती है—यही साहित्य की वास्तविक शक्ति है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की "हार नहीं मानूंगा" जैसी पंक्तियाँ आज भी जनमानस को संबल देती हैं।

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री



साहित्य समाज को दिशा देता है

छत्तीसगढ़ी साहित्य की समृद्ध और प्राचीन परंपरा रही है, जिसने अपनी स्थानीय संस्कृति को दृढ़ता से संजोया है। एक पुस्तक और एक लेखक भी दुनिया को बदलने की शक्ति रखते हैं। साहित्य समाज को दिशा देता है, आशा जगाता है और निराशा से उबारकर जीवन जीने का साहस प्रदान करता है। आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है—स्टील, चावल उत्पादन और स्टार्टअप्स में नई ऊँचाइयों को छू रहा है। इस राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता के पीछे साहित्य की सशक्त भूमिका रही है, जिसने समाज की चेतना को निरंतर जाग्रत रखा।

श्री हरिवंश
माननीय उपसभापति



साहित्य को नई ऊर्जा

यह आयोजन साहित्य का महाकुंभ है, जो 12 वर्षों बाद पुन: आयोजित हुआ है। उस समय भी मैंने इसमें भाग लिया था और आज 2026 में फिर से सहभागी बना हूँ। इस प्रकार के आयोजन हमें नई ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं। ऐसे आयोजन बार-बार होते रहें और इनका विस्तार हर जगह हो, ताकि बस्तर संभाग सहित सभी क्षेत्रों के लोग इससे जुड़ सकें।

शिव कुमार पांडेय
बस्तर के कहानी-किस्सों के लेखक



साहित्य सबका अधिकार है

हर साहित्य उत्सव के बाहर यह लिखा होना चाहिए कि "आप अंदर आइए।" ऐसा इसलिए, क्योंकि साहित्य जीवन की अभिव्यक्ति का उत्सव है और साहित्य सबका अधिकार है। लोगों को पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। पढ़ना मसल फ्लेक्स करने जैसा है—जितना अभ्यास, उतनी मजबूती। इस तरह के आयोजन पाठकों को किताबों से जोड़ने का प्रयास हैं

टीजे भानु
अभिनेत्री

"संस्कृति का संस्कार रूप साहित्य अमर है" उत्सव का यही स्वर रायपुर की फ़िज़ाओं में गूंज रहा है।

संवाद-46651/89

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26